


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 05 अप्रैल 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 67 | मूल्य - 5 रुपये









## अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से 10 दिनों में 77 लोगों की मौत

काबुल, (एपी)।

अफगानिस्तान में भारी बारिश और तूफान के कारण आई व्यापक बाढ़, भूस्खलन और आकाशीय बिजली गिरने से पिछले 10 दिनों में 77 लोगों की मौत हो गई है और 137 लोग घायल हुए हैं। देश के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अफगानिस्तान में आने वाले दिनों में और अधिक बारिश का पूर्वानुमान है और अधिकारियों ने जनता को नदी के किनारों और बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों से दूर रहने की चेतावनी दी है। इस साल अब तक खराब मौसम के कारण दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि हाल ही में हुई मौतों के आंकड़ों में पिछले 48 घंटों में मारे गए 26 लोग शामिल हैं। कुल मिलाकर, 793 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और 2,673 अन्य घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि बाढ़ और भूस्खलन ने 337 किलोमीटर सड़कों को नष्ट कर दिया है।

# 'क्योंकि मैं घायल हूं इसलिए घातक हूं' : – राघव चड्ढा

नई दिल्ली, (भाषा)।

***आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के बीच शनिवार को उस समय जुबानी जंग तेज हो गई, जब चड्ढा ने पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज***



करते हुए कहा कि उनके खिलाफ ''सुनियोजित अभियान'' चलाया गया है। आरोपों को ''झूठा'' करार देते हुए चड्ढा ने कहा, ''मैंने हमेशा संसद में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया है; मैं वहां सरकार पर दबाव डालने के लिए हूं, हंगामा करने के लिए नहीं।'' फिल्म ''धुरंधर'' के एक संवाद का सहारा लेते हुए चड्ढा ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''हर झूठ का पर्दाफाश होगा। क्योंकि मैं घायल हूं इसलिए घातक हूं।'' चड्ढा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा उन पर किए गए तीखे हमले के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ संसद में आवाज उठाने से कतराने का आरोप लगाया गया था। राज्यसभा में 'आप' के उपनेता पद से हटाए जाने के एक दिन बाद चड्ढा ने शुक्रवार को कहा था कि ''मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना।'' चड्ढा ने इस आरोप को ''सरासर झूठ'' बताया कि उन्होंने विपक्षी दलों के साथ बहिर्गमन नहीं किया। उन्होंने अपने आलोचकों को चुनौती दी कि वे एक भी ऐसा उदाहरण पेश करें जहां उन्होंने (बहिर्गमन में) भाग नहीं लिया हो। मुख्य निर्वाचन आयुक्त से संबंधित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के एक अन्य आरोप का खंडन करते हुए, चड्ढा ने कहा कि किसी भी पार्टी नेता ने औपचारिक या अनौपचारिक रूप से उनसे इस पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा था। चड्ढा ने कहा कि उनकी पार्टी के कई अन्य सांसदों ने भी इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। उन्होंने कहा कि वह जवाब नहीं देना चाहते, लेकिन अगर झूठ को लगातार दोहराया जाए तो वो भी सच लगने लगता है।

चड्ढा ने कहा, ''मुझ पर पहला आरोप यह लगाया गया कि मैंने विपक्ष के साथ बहिर्गमन नहीं किया। यह सरासर झूठ है, और मैं आपको (आम आदमी पार्टी) चुनौती देता हूं कि आप मुझे एक भी उदाहरण, एक भी घटना बताइए, जहां विपक्ष ने बहिर्गमन किया हो और मैंने उनका समर्थन न किया हो। संसद में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। मुझे फुटेज दिखाइए, सब स्पष्ट हो जाएगा।'' उन्होंने कहा कि संसद में उनका ध्यान जीएसटी, आयकर, दिल्ली में वायु प्रदूषण, पंजाब में जल संबंधी समस्याएं, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, रेल यात्री मुद्दे, बेरोजगारी और महंगाई जैसे सार्वजनिक मुद्दों को उठाने पर रहा है।

# दारू के नशे में पत्नी ने पति पर किया हमला, गाली देते हुए कई बार मारे चाकू; पुलिस के पास पहुंचा पीड़ित

मुंबई।

***मुंबई के सहकार रोड स्थित यादव नगर इलाके में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर रोज दारू पीकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।***

पीड़ित ने अंबोली पुलिस स्टेशन में पत्नी के खिलाफशिकायत की है। पीड़ित पति की शिकायत के आधार पर पत्नी के खिलाफपुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इसके पहले भी पीड़ित कई बार केस दर्ज करा चुका है। मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज की गई स्नद्धक्र के मुताबिक मुंबई के जोगेश्वरी इलाके में रहने वाले मोहम्मद रफीक अब्दुल कुरेशी (39) पर उनकी पत्नी ने उस पर नशे की हालत में चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित मोहम्मद रफीक अब्दुल कुरेशी सहकार रोड स्थित यादव नगर में रहते हैं। पीड़ित ने अंबोली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पति के मुताबिक, 31 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे जब वह घर पहुंचे, तो उनकी पत्नी सबा कुरेशी शराब के नशे में घर पर मौजूद थी।

रफीक ने जब पत्नी से रोज शराब पीकर आने को लेकर सवाल किया, तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। आरोप है कि इस दौरान सबा कुरेशी ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें घर से बाहर निकलने को कहा और फिर रसोई में इस्तेमाल



होने वाले चाकू से उन पर हमला कर दिया। हमले में रफीक के दाहिने पैर के टखने और बाएं हाथ पर चोट आई, जिससे खून बहने लगा। घटना के बाद पीड़ित पति जोगेश्वरी पूर्व स्थित ट्रॉमा केयर अस्पताल पहुंचा, जहां उसका इलाज किया गया। पीड़ित की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। घटना का वीडियो भी पति जारी किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि पत्नी उसके ऊपर चाकू से लगातार हमला कर रही है।

## राघव चड्ढा को उप नेता पद से हटाकर और

# राज्य सभा में बोलने पर पाबंदी लगाकर केजरीवाल बड़ी राजनीतिक गलती कर बैठे.. - छैलबिहारी अग्रवाल

### राष्ट्रचितक श्री अग्रवाल ने केजरीवाल को छोटी सोच से बचने की सलाह दी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***देश की राजनीति में राज्यसभा सदस्य के रुप में विगत दिनों बड़े ही सुझबुझ से आम आदमी पार्टी के सदस्य के रुप में सांसद राघव चड्ढा ने आम जनता से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष रखा था, आम जनता की जरुरतों के संदर्भ में 28 दिन के मोबाईल रिचार्ज, एयरपोर्ट पर महंगा खाना, बैंक में न्यूनतम राशि से कम होने पर पैनल्टी, बच्चे के जन्म के दौरान पिता के लिये पैटरनिटी लीव, स्वास्थ्य सेवा, इनकम टैक्स जैसे अनेक***

विषयों को जिस तरह से पुरे तथ्यों के साथ सदन में रखा, उसका परिणाम रहा कि पुरे देश में राघव चड्ढा ने जनता की छोटी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण मांगों को उठाकर आम जनता के बीच भारी लोकप्रियता अर्जित कर ली। पुरे देश में सोशल मीडिया में राघव चड्ढा को लेकर नई उम्मीदें और नया विश्वास पैदा होता हुआ दिखाई दिया, और इसी दौरान अचानक राजनीति में तब तूफान आ गया और लोग सकते में आ गए कि जब राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में उप नेता के पद से हटाते हुए अन्य को बना दिया, और सदन में राघव चड्ढा के बोलने पर पाबंदी लगा दी। जबकि आम आदमी पार्टी के इस कदम से आम जनता में तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। आम जनता यह साफ तौर पर मान रही है कि राघव चड्ढा की बढ़ती लोकप्रियता से अरविंद केजरीवाल घबरा गए हैं,





और खुद के लिये राघव चड्ढा को चुनौती मान रहे हैं, जिसके कारण राघव चड्ढा की बोलती बंद करने का दृष्कृत्य किया गया है। यह बात गोंदिया के विदर्भवादी नेता और राष्ट्रचिंतक छैलबिहारी अग्रवाल ने कही है।

### आम आदमी पार्टी ने मारी अपने पैर पर कुल्हाड़ी..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली में शराब घोटाले को लेकर अभी अभी केजरीवाल, सिसोदिया को न्यायालय ने बरी किया था, तथा मामले को सुनवाई के अयोग्य करार देकर एक तरह से केजरीवाल को क्लिन चिट दे दी थी, जिससे कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के एक बार फिर उभरने की स्थितियां बन सकती थी, जबकि वहीं जिस तरह से राघव चड्ढा ने जनहित के विषयों को सदन में उठाया था, उससे एक बार फिर आम आदमी पार्टी की ओर आम जनता की नजरें केन्द्रित होती दिखाई दे रही थी, तथा आम आदमी पार्टी के पास एक और अच्छा योग्य नेता है ऐसा आम जनता मान रही थी, तथा इससे निश्चित ही आम आदमी पार्टी को आगामी चुनावों में लाभ मिलता, लेकिन राघव चड्ढा पर पाबंदीयां लगाकर आम आदमी पार्टी नेताओं ने अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मार ली है, तथा निश्चित ही इस कदम से उन आरोपों को बल मिलता है जिसमें कहा जाता है कि अरविंद केजरीवाल को उनकी पार्टी में किसी और नेता की बढ़ती लोकप्रियता बर्दाश्त नहीं होती, और इसीलिये उन्होंने जिस तरह से कुमार विश्वास को बाहर का रास्ता दिखा दिया था, उसी तरह से अब राघव चड्ढा को बाहर करके केजरीवाल ने अपनी छोटी सोच को साबित कर दिया है, तथा इससे निश्चित ही आम आदमी पार्टी में अच्छे काम करने वालों को सम्मान नहीं मिलता यह मानकर लोग आम आदमी पार्टी से दिल से नहीं जुड़ सकेंगे, और आम आदमी पार्टी बहुत को आगामी दौर में भारी नुकसान होगा।

### आखिर कैसे देश को मिलेगा उपयुक्त विकल्प..

छैलबिहारी अग्रवाल ने इस बात पर भी चिंता जताई कि देश की जनता पहले कांग्रेस से नाराज हुई तो भाजपा को सत्ता पर मौका दिया। भाजपा ने भी निराश किया तो नई उम्मीद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी बनी, लेकिन अब आम आदमी पार्टी नेता केजरीवाल भी कांग्रेस भाजपा जैसी ही स्वार्थ और वोट बैंक आधारित राजनीति करने लगे हैं, जिससे आम जनता का भरोसा आम आदमी पार्टी पर से भी खत्म हो रहा है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि राघव चड्ढा को उप नेता से हटाने और अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी से के बाद आम आदमी पार्टी की साख एक बार फिर गिर गई है। केजरीवाल और उनके नेताओं के राघव चड्ढा को लेकर किये गए फैसले के बाद अब आम जनता के समक्ष यह प्रश्न खड़ा होता दिखाई दे रहा है कि जिसे भी मौका दिया जाता है, वह अपनी स्वार्थपूर्ति में लग जाता है, तो फिर इस स्थिति में देश को सशक्त और बेहतर राजनीतिक विकल्प कैसे मिल पायेगा? छैलबिहारी अग्रवाल ने देश के सभी राजनीतिक दलों से आहवान किया है कि पार्टीयां लोकतंत्र में ऐसे संदेश ना दे जिससे कि आम जनता का भरोसा नेताओं से उठ जाये। हर एक राजनीतिक दल को अच्छे काम करने वाले युवाओं को आगे लाने का प्रयास करना चाहिये।

## आवश्यकता है..

*ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वीं पास, युवती की आवश्यकता है।*

संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

## आवश्यकता है..

बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल रेल प्रबंधक ने किया..

### इतवारी-छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर-गढ़ा रेलखंड एवं स्टेशनों का सघन निरीक्षण..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने आज दिनांक 04 अप्रैल 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर एवं गढ़ा रेलखंड का व्यापक 'विंडो ट्रेलिंग' के माध्यम से संरक्षा निरीक्षण किया। सुबह 06:30 बजे इतवारी स्टेशन से विशेष निरीक्षण यान द्वारा शुरू हुआ यह दौरा रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आधारभूत संरचना के आधुनिकीकरण पर केंद्रित रहा। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने विशेष रूप से 'विंडो ट्रेलिंग' के जरिए रेल पटरियों की स्थिति, पॉइंट्स, क्रॉसिंग्स और सिग्नलों की दृश्यता का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने ट्रेन की गति के दौरान राइडिंग क्वालिटी को मापा, ताकि यात्रियों को एक सुरक्षित और आरामदायक सफर सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान रेलखंड के प्रमुख स्टेशनों छिंदवाड़ा, सावनेर, सिवनी, घंसौर, शिकारा, नैनपुर एवं गढ़ा इत्यादि पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्माणाधीन नए प्लेटफॉर्म्स, उन्नत वेटिंग हॉल्स, मॉल लदान शेड जैसे विकास कार्यों की प्रगति को देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से समझौता किए बिना इन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी और बैठने की व्यवस्था का व्यक्तिगत रूप से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए स्टेशनों पर वाटर कूलर्स सुचारू रूप से कार्य करें और कोच इंडिकेटर बोर्ड्स व उद्घोषणा प्रणाली यात्रियों को सटीक जानकारी प्रदान करें। इसके साथ ही, विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ओएचई की कार्यक्षमता को परखा गया ताकि तकनीकी कारणों से ट्रेनों के परिचालन में कोई बाधा न आए इसके अलावा स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा गश्त बढ़ाने तथा अनाधिकृत प्रवेश रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

इस महत्वपूर्ण दौरे में मंडल के सभी प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे, जिनमें मुख्य परियोजना गति शक्ति यूनिट, चिकित्सा, सिग्नल एवं दूरसंचार, मैकेनिकल, परिचालन, वाणिज्य, विद्युत, संरक्षा, कार्मिक और मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य विभागों से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित रहीं। साथ ही उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर उनके सुझाव प्राप्त किए। मंडल रेल प्रबंधक ने विभिन्न स्टेशनों पर तैनात फील्ड स्टाफ जैसे गेटमैन, पॉइंट्समैन और स्टेशन मास्टरों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की और उन्हें संरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे का मुख्य लक्ष्य सुरक्षा के साथ समयबद्धता सुनिश्चित करना है, ताकि इस रेल खंड पर यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो सके।

## भीड़ में जेब काटने वाला शातिर चोर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में..

### पुलिस ने चोरी का मशरुका बरामद कर भेजा जेल..





**जगप्रेरणा सिवनी।**
पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए सतत् सक्रिय रहते हैं जिनके नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 01 घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।

दिनांक 02/04/2026 को प्रार्थी अमित राजपूत पिता भरतसिंह राजपूत उम्र 42 वर्ष निवासी खेरीटेक सिवनी द्वारा थाना कोतवाली सिवनी में रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 02/04/2026 को हनुमान जन्मोत्सव में पूजा पाठ करने के दौरान रात्रि करीब 08/00 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके जेब में रखे नकदी करीबन 17000/- रुपये चोरी कर लिया है, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 254/2026 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना को अंजाम देने करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं घटना स्थल बालस्वरूप हनुमान मंदिर के आसपास संदिग्ध के संबंध में आसपास के व्यक्तियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थी का पीछा करने वाले एक संदिग्ध की पहचान इस्लाम खान पिता असलम खान निवासी टिग्गा मोहल्ला सिवनी के रूप में हुई जिसकी तलाश की जाकर पूछताछ की गई जिसने पूछताछ पर प्रार्थी के जेब से पैसे निकालने की बात स्वीकार की तथा कुछ पैसे खर्च कर लेना तथा 7250 रुपये पास में होना बताने पर रुपयों की विधिवत् जप्ती एवं गिरफ्तारी की जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी इस्लाम खान के विरूध्द पूर्व में भी थाना कोतवाली अपराध क्रमांक 66/2021 धारा 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द है।

**जप्ती**-7250 रुपये नकदी एवं 01 पर्स।
**गिरफ्तार आरोपी**- इस्लाम खान पिता असलम खान उम्र 30 वर्ष निवासी टिग्गा मोहल्ला सिवनी।

### सराहनीय कार्य..

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र.आर. संजय यादव, मनोज पाल, आर. मुकेश चौरिया, राजेन्द्र राजपूत की विशेष भूमिका रहीं हैं।

## गैस एजेंसी संचालन और दलालों की भूमिका

**जगप्रेरणा सिवनी।**
जिले में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से आमजन खासकर ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। शहर में गैस रिफिलिंग के लिए लंबी कतारें लग रही हैं, वहीं गांवों में उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रही है। जानकारी के अनुसार केवलारी विकासखंड के ग्राम पलारी सहित आसपास के कई गांवों कुचीवाड़ा, नागाबाबा घंसौर, पिपरिया, खापाबाजार डुंगरिया आदि में प्रशांत गैस एजेंसी के नाम पर उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन वितरित किए गए थे। उस समय ग्रामीणों को चूल्हे से मुक्ति और गैस पर भोजन बनाने का भरोसा दिलाया गया था, लेकिन वर्तमान में गैस उपलब्ध न होने से लोग फिर से चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि एजेंटों द्वारा कनेक्शन तो दिए गए, लेकिन सब्सिडी का लाभ नहीं मिला। साथ ही रिफिलिंग के लिए दी गई पुस्तिका में प्रशांत गैस एजेंसी सिवनी का नाम दर्ज है, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है। क्षेत्र में अवैध रूप से गैस एजेंसी संचालन और दलालों की भूमिका की भी चर्चा सामने आ रही है। इधर, प्रशांत गैस एजेंसी के संचालक ने इस मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा है कि उनकी ओर से किसी भी व्यक्ति को एजेंसी नहीं दी गई है और वे इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। ऐसी स्थिति अब ग्रामीणों को गैस रिफिलिंग के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वे असमंजस्य में है कि आखिर वे गैस रिफलिंग के लिये जायें तो कहां जायें, क्योंकि उनके पास जो गैस बुक हैं उसमें प्रशांत गैस एजेंसी सिवनी की सील है, इसलिये क्षेत्र की अन्य गैस एजेंसियों से उन्हें गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत पलारी से उन्हें गैस चूल्हा उपलब्ध कराया गया था, साथ ही शासन से मिलने वाली सब्सिडी भी उन्हें आज तक नहीं मिली। हालांकि पहले उन्हें केवलारी से आने वाली भारत गैस एजेंसी की गाड़ी से आसानी से सिलेंडर मिल जाया करता था, लेकिन अब वहां से इसलिये सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है कि, क्योंकि गैस बुक में प्रशांत गैस एजेंसी सिवनी की सील लगी। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में भी गैस रिफलिंग के लिये लंबी कतारें लगी देखी जा सकती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा प्रभावित उपभोक्ताओं को शीघ्र गैस उपलब्ध कराने की मांग की है।

## गांव का पानी पीने योग्य नहीं, फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर है ग्रामवासी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
पिछले 50 वर्षों से शुद्ध पेयजल के लिए जनपद पंचायत छपारा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अंजनिया के ग्राम चांदी भार्या टोला एवं अजानिया के ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सोपा लेकिन परिणाम सिपर निकले हैं

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में उपलब्ध पानी पीने योग्य नहीं है पानी में फ्लोराइड की मात्रा अत्यधिक होने के कारण किडनी स्टोन सहित अन्य बीमारियां तेजी से फैल रही है जिससे लोगों का स्वास्थ्य लगातार प्रभावित हो रहा है ग्रामीणों की मांग है कि भीमगढ़ बांध से संचालित पेयजल पाइपलाइन योजना में उनके गांव को भी जोड़ा जाए ताकि उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पानी मिल सके इसके अलावा उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए तत्काल वैकल्पिक रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उनकी मांग पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन करेंगे।

## अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को मारी टक्करः एक मृत, एक गंभीर

**जगप्रेरणा सिवनी।**
जिले के छपारा थाना क्षेत्र में अंजनिया ग्राम के पास शनिवार 4 अप्रैल की दोपहर लगभग 2 बजे एक सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब दोनों युवक मोटरसाइकिल से अकल्मा से छपारा की ओर जा रहे थे। पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार हीरालाल परते (40 वर्ष) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार संजय मर्सकोले (36 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को बुलाया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल संजय मर्सकोले को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।सीसीटीव्ही खंगालेगी पुलिस स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में एक व्यक्ति की मृत्यु और एक के घायल होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है, ताकि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा सके।

## स्पीड ब्रेकर बनाऐ जाने की मांग

**जगप्रेरणा सिवनी।**
लगातार बढ़ती आबादी के चलते कचहरी चौक से बरघाट रोड डूडा सिवनी के मध्य स्पीड ब्रेकर न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर कई तिराहे है और चौराहे स्थित है जहां से वार्डो की सड़कों से बाहर अचानक मुख्य मार्ग पर आ जाते हैं ऐसे में सड़क पर ब्रेकर नहीं होने इसके कारण तेज रफ्तार वाहनों के चलते दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर पहले भी कई छोटे बड़े हादसे हो चुके हैं यातायात का दबाव बढ़ाने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं यदि समय रहते ब्रेकर नहीं बनाए गए तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

ज्ञातव्य है कि इस मार्ग में यातायात का दबाव अधिक रहता है क्योंकि इस मार्ग में कालोनियां अधिक है ऐसे में वाहनों की संख्या भी अधिक होने से सुबह एवं शाम को आवागमन बढ़ जाता है जिसके चलते लोगों को परेशानीका सामना करना पड़ता हैं।

## जनगणना में संशोधन को लेकर राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा 23 अप्रैल को करेगा भारत बंद



**जगप्रेरणा सिवनी।**
***राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का मध्य प्रदेश छठ राज्य अधिवेशन 4 अप्रैल को साद लान में आयोजित किया गया***

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजरत मौलाना डॉक्टर मुफ्ती मोहम्मद इरफान आलम कासमी प्रधान संरक्षक राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा मध्य प्रदेश थे मुस्लिम विशेष अतिथि के रूप में

विनोद डोंगरे केंद्रीय समिति सदस्य बामसेफनई दिल्ली उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद इरफान आलम ने कहा कि आज देश में शासक जातियों के द्वारा लगातार आए दिन बेगुनाह मुसलमानो को शक के बुनियाद पर कभी जेल में डालना, कभी माबलीचिंग के नाम पर हत्याये, हिजाब, के नाम पर निशाना बनाया जाता है इबादत गाहों और और वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर नाजायज तरीके से कब्जा किया जा रहा है साजिशें की जा रही है इस साजिश की असल वजह भारत के मुसलमान के अंदर कौन जालिम है कौन मजलूम है इस बात की बेदारी ना होना ही है जिसकी वजह से देश में बार-बार एक जालिम का विकल्प का दूसरा जालिम शासक बन रहा है

इसलिए उक्त मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए विषय रखे गए हैं आयोजन में मौलाना याकूब साहब उमरी शाहिद अनेक लोग उपस्थित रहे राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का चौथा चरण 23 अप्रैल 2026 को भारत बंद के रूप में किए जाने की घोषणा की गई है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बावजूद भी जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियां का कालम नहीं दिया गया है घोषित करने के बाद भी ओबीसी के जाति के कालम को ना दिया जाना ओबीसी के साथ धोखेबाजी है इसलिए इस साल से होने वाली राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी का एवं जाति का कॉलम बढ़ाया जाए इसके लिए मांग की जाएगी।

अधिवेशन में वक्ताओ ने कहा कि देश को आजाद हुए 78 साल पूरे हो रहे हैं और भारतीय संविधान लागू होने के 75 साल बीत जाने के बावजूद भी देश के बिछड़े वर्गों के साथ न्याय नहीं हो रहा है न्याय के लिए आंकड़े की आवश्यकता है लेकिन पिछडे वर्ग के जाति आधारित और सभी जाति समूहों की वास्तविक जनसंख्या और उनकी वास्तविक स्थिति का आंकड़ा सरकार ने आज तक सार्वजनिक नहीं किया जब तक जाति आधारित जनगणना नहीं होगी तब तक सही आरक्षण शिक्षा नौकरी और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित नहीं हो सकता इसके लिए पिछड़े कई वर्षो से संगठन सड़कों पर संघर्ष कर रहा है जिसके कारण पिछड़े वर्ग में आई जागृति के दबाव में 30 अप्रैल 2025 को भारत सरकार के मंत्रिमंडल ने 2017 की जनगणना में व्यापक जाति आधारित गणना को स्वीकृति दी थी लेकिन 22 जनवरी 2026 की जनगणना अधिसूचना में हाउस लिस्टिंग चरण की प्रश्नावली से जाति एवं ओबीसी संबंधी कालम नहीं दिया गया है इसका मतलब साफ है कि सरकार जाति आधारित जनगणना नहीं करना चाहती और एक बार फिर ओबीसी के साथ धोखा बाजी करना चाहती है। इस आयोजन में नगर के अनेक गणमान्य जन सहित अख्तर पटेल याहया कुरैशी एडवोकेट एम रहमान इसरार खान असलम गौरी खान सज्जाद अनवर खान जमील खान अमन खान लतीफ अंसारी आदि उपस्थित रहे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

## सिवनी की बेटी अनुप्रिया कौरव ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता सिल्वर मेडल, महाविद्यालय में हुआ सम्मान



**जगप्रेरणा सिवनी।**
स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन तथा वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस नेशनल किकबॉक्सिंग लीग 2025-26 का आयोजन 26 से 29 मार्च 2026 तक चेन्नई (तमिलनाडु) में किया गया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सिवनी (मध्य प्रदेश) की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इसी क्रम में पीजी कॉलेज सिवनी की एनसीसी कैडेट अनुप्रिया कौरव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अनुप्रिया ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में मात्र एक अंक के अंतर से गोल्ड मेडल से चूक गईं। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें 10,000 रू. की नगद पुरस्कार राशि (चेक) भी प्रदान की गई। उनकी इस सफलता के सम्मान में महाविद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने कहा कि अनुप्रिया की यह उपलब्धि कई बेटियों के लिए प्रेरणादायक है और यह उनकी 5 वर्षो की कठोर मेहनत का परिणाम है।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में और ऊँचे स्तर पर सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। वहीं प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने कहा कि महाविद्यालय में प्रतिभाओं का सम्मान करना एक सराहनीय पहल है, जिससे अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे।

इस अवसर पर अनुप्रिया के पिता श्री पवन कौरव एवं कोच श्री निकेश पदमाकर का भी सम्मान किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.पी. सिंह व डॉ दिनेश चित्रिव ने एनसीसी के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में डॉ. सविता मसीह,डॉ नावकर,ओमेश्वर ठाकरे, डॉ. ज्योति कुमरे, के.सी. राउर, सीमा मर्सकोले, लिडिया कुमरे,डॉ हर्षा, शैलेन्द्र जैन, विशाल सूर्यवंशी, डॉ प्रशांत पाण्डेय, सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, स्टाफ एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अब अपनी विज्ञापन जरुरतों के लिये बनाईये दैनिक जगप्रेरणा को अपना सारथी..
गोंदिया बालाघाट जिले से एक साथ प्रकाशित.. प्रतिदिन दो लाख पाठकों का संपर्क माध्यम
क्लासिफाईड विज्ञापन दर..
■ आवश्यकता है, ■ खरीदना है, ■ बेचना है, ■ प्रॉपर्टी, ■ किराये से देना है,
सिंगल कॉलम - सिर्फ 250 रु. 3 दिन, 500 रु. 7 दिन
डबल कॉलम - सिर्फ 450 रु. 3 दिन, 800 रु. 7 दिन
■ नाम परिवर्तन ■ पगड़ी रस्म.. ■ कोर्ट नोटिस.. ■ आम सूचना..
सिंगल कॉलम सिर्फ 600 रु. 1 दिन
डबल कॉलम सिर्फ 1000 रु. 1 दिन
कृपया अपने नजदीकी जगप्रेरणा संवाददाता से विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें..
अधिक जानकारी हेतु..9329033433, 9922607145

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## धनौरा में सालाना उर्स पर आज सजेगी सूफियाना महफिल, कव्वाली का होगा भव्य मुकाबला..







**जगप्रेरणा धनौरा।**
जिले के धनौरा विकासखंड मुख्यालय में सालाना उर्स के अवसर पर 5 अप्रैल (रविवार) को भव्य कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत प्रांगण धनौरा में रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें देश के प्रसिद्ध कव्वालों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा।

आयोजन में मशहूर कलाकार बेबी गुलशन और हलीम ताज आमने-सामने अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे क्षेत्र के श्रोता सूफियाना कलाम और कव्वाली का भरपूर आनंद उठा सकेंगे। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

आयोजन समिति मुस्लिम जमात एवं समस्त ग्रामवासी धनौरा द्वारा सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की गई है।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

## 14 दिनों के संथारा में श्रीमती उर्मिला कोचर ने किया देवलोक गमन, मृत्यु महोत्सव में जुटा समाज..

### जैन दर्शन में संथारा मृत्यु का वरण नहीं बल्कि आत्मा की शुद्धि और जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति का एक मार्ग..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*जैन दर्शन के अनुसार, संथारा मृत्यु का वरण नहीं बल्कि आत्मा की शुद्धि और जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति का एक मार्ग है और इसी मार्ग पर चलते हुए धार्मिक और सेवा भाव में रही उर्मिला पति इंदरचंद कोचर ने 4 अप्रैल को देवलोकगमन किया। जिनके मृत्यु महोत्सव में शनिवार को जिले का जैन समाज जुटा और उन्हें बैंकुठ रथ से अंतिम विदाई दी।*

दरअसल, अस्वस्थता के चलते, डॉक्टरो ने उनके स्वास्थ्य को लेकर जवाब दे दिया था। जिसके बाद जैन समाज के महाराज साहब से उन्होंने संथारा की इच्छा जाहिर की थी, जिसकी अनुमति के बाद से उर्मिला कोचर, 14 दिनों तक संस्थारा में रही और इस दौरान उन्होंने अपनी स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग कर इस आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत की। 76 वर्ष की आयु में उनकी इस कठिन तपस्या और अटूट श्रद्धा ने पूरे जैन समाज और नागरिकों को प्रेरित किया है। बताा जाता है कि 1951 में जन्मी उर्मिला कोचर, सदैव धार्मिक कार्यों और सेवा भाव में अग्रणी रहीं। भगवान महावीर संथारा को लेकर बताते है कि जीवन की अंतिम साधना के बाद आत्मा, मोक्ष के सुख को प्राप्त करती है, इसी भाव के साथ उर्मिला कोचर ने 14 दिनों तक संथारा करके अपनी देह को त्याग दिया। जैन धर्म में संथारा को सर्वोच्च साधना बताया गया है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, अंतिम समय में उनके चेहरे पर असीम शांति और एकाग्रता थी। 14 दिनों तक बिना किसी विचलित भाव के उन्होंने नवकार मंत्र और आत्म-चिंतन के साथ अपनी देह का त्याग किया। शनिवार को उनके निवास स्थान से मोक्षधाम के लिए उनकी बैकुंठ रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें मृत्यु महोत्सव के रूप में सकल जैन समाज ने उन्हें अंतिम विदाई दी। जिसमें जिले का सकल जैन समाज और अन्य समाज के लोगो ने शामिल होकर उन्हें विदा किया।

***जैन समाज में संथारा त्याग, तपस्या और आत्म-साधना की पराकाष्ठा है, जो हमें सिखाती है कि जीवन के साथ-साथ मृत्यु भी गौरवशाली और शांत हो सकती है। वे अपने पीछे, दो पुत्र पदम और पंकज कोचर सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।***

## अवैध कामों का दबाव बनाने फर्जी क्रांतीकारी जितेन्द्र ऊर्फ राजा लिल्हारे का दुस्साहस पड़ा उसी पर भारी..

### उच्च न्यायालय ने तथ्य छुपाने लगाया 1 लाख का जुर्माना.. दी चेतावनी..

### तो वही अब राजा पर रासुका लगाने की कि जा रही मांग..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में विगत दिनों से प्रकृति संरक्षण तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ खुद को क्रांतीकारी प्रदर्शित करते हुए सोशल मीडिया में विभिन्न विडियो बनाकर सुर्खियां बटोरने वाले जितेन्द्र उर्फ राजा लिल्हारे जो कि खुद पहले से अवैध रेत उत्खनन एवं अन्य अवैध कारोबार कर रहा था, तथा जब उसके मंसूबों में वह सफल नहीं हो सका, तो फिर उसने खुद को क्रांतिकारी की***

तरह प्रस्तुत करते हुए खुद को पर्यावरण प्रेमी, पर्यावरण योद्धा और भ्रष्टाचार के खिलाफ बुलंद आवाज का सिपाही प्रदर्शित करते हुए विधिवत एवं शासन के अनुरुप ठेका पद्धति से काम करने वाले ठेकेदारों को ही माफिया और अवैध कारोबारी बताने का दुस्साहस किया, तथा इतना ही नहीं विभिन्न वीडियो के माध्यम से सनसनी फैलाने के साथ ही उक्त स्वयंभू क्रांतिकारी जितेन्द्र उर्फ राजा लिल्हारे माननीय न्यायालय में भी विभिन्न याचिकाएं लगाकर ना सिर्फ न्यायालय को भ्रमित करने के प्रयास में लगा रहा, बल्कि विधिवत काम करने वालों से धन ऊगाई की कोशिश में भी लग गया। लेकिन कहते हैं कि होशियार बिल्ली के चोरी के दुध पीने के दौरान खुद की आंखें बंद कर लेने से उसकी चोरी ईमानदारी का प्रतीक नहीं बन जाती, वैसे ही जब बात माननीय न्यायालय में पहुंच जाती है, तो फिर ऐसे कतिपय तत्व जो कि माननीय न्यायालय की आंखों में धुल झोंकने का प्रयास करते भी हैं, तो सफल नहीं हो पाते, बल्कि उन्हें न्यायालय के समक्ष कार्रवाई का सामना भी करना पड़ जाता है, और ऐसा ही तथाकथित फर्जी और स्वयंभू क्रांतिकारी और दुस्साहसी जितेन्द्र उर्फ राजा लिल्हारे के साथ भी हुआ है कि माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग के एक अहम मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए तथा उसकी याचिका को खारिज करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर 1 लाख रुपये के जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश भी दिए हैं। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि तथ्यों को छुपाकर बार-बार याचिका दायर करना न्यायिक व्यवस्था के साथ छल करने जैसा है।

### यह है मामला..

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला रिट याचिका क्रमांक 2714/2026 से जुड़ा हुआ है, जिसमें नदी किनारे रेत उत्खनन को लेकर कार्रवाई की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने न्यायालय से अवैध उत्खनन के खिलाफहस्तक्षेप की अपील की थी। सुनवाई के दौरान राज्य पक्ष ने न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता पहले भी इसी विषय को लेकर विभिन्न मंचों और न्यायालयों में याचिकाएं प्रस्तुत कर चुका है।

महत्वपूर्ण बात यह रही कि वर्तमान याचिका में इस तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया था। इसे न्यायालय ने गंभीरता से लिया और माना कि याचिकाकर्ता ने जानबूझकर आवश्यक जानकारी छुपाई है। सुनवाई के दौरान जब यह जानकारी सामने आई, तो न्यायालय ने याचिका वापस लेने की अनुमति देने से इंकार कर दिया और याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके बाद याचिकाकर्ता की ओर से संशोधन आवेदन प्रस्तुत कर पूर्व में दायर याचिकाओं को रिकॉर्ड पर लाने का प्रयास किया गया। साथ ही यह दलील दी गई कि विधिक जानकारी के अभाव में यह तथ्य शामिल नहीं हो पाया और इसके लिए क्षमा याचना भी की गई। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया और कहा कि यह कोई साधारण चूक नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग का मामला है।

### यह भी की अदालत ने टिप्पणी..

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एक ही विषय पर बार-बार याचिका दायर करना और तथ्यों को छुपाना न्यायालय के समय और संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी है। इससे न्यायिक प्रणाली की गरिमा पर भी आंच आती है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि इस तरह की प्रवृत्ति से याचिकाकर्ता की मंशा संदिग्ध प्रतीत होती है। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने याचिका को निरस्त करते हुए जितेंद्र उर्फ राजा लिल्होरे पर 1,00,000 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया। साथ ही निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में राशि जमा नहीं करने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। न्यायालय ने कड़ी चेतावनी भी दी कि भविष्य में यदि इस प्रकार की पुनरावृत्ति होती है, तो अवमानना की कार्रवाई भी की जा सकती है। इस फैसले को न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और गंभीरता बनाए रखने की दिशा में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### अब रासुका की बढ़ चली मांग..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में एक नहीं अपितु अनेक मामलों में कथित जितेन्द्र उर्फ राजा लिल्हारे ने अनेक ठेकेदारों को माफिया बताते हुए उनके सम्मान को ठेस भी पहुंचाने का काम किया, तथा शासन एवं प्रशासन के सम्मान को भी बार बार ठेस पहुंचाने का काम किया। पूरी तरह से फर्जी काम करते हुए खुद अवैध रेत उत्खनन में नाकामयाब होने के साथ ही खुद भी उक्त फर्जी क्रांतिकारी विभिन्न मामलों में आरोपी भी बनाया गया। अब जबकि माननीय न्यायालय ने जितेन्द्र ऊर्फ राजा लिल्हारे के झूठे आरोपों को समझ लिया है, तो इसके बाद उक्त फर्जी क्रांतिकारी पर रासुका लगाने की मांग की जा रही है। माना जा रहा है कि जितेन्द्र ऊर्फ राजा लिल्हारे के कारनामों की जांच की मांग कर उसके खिलाफ जिलाबदल या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा कानुन के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

## बालाघाट भाजपा कार्यालय मे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सिंद्धांत पाटिल और डिल्लन सिंह ने किया पदभार ग्रहण..

### 6 को घर-घर और हर बूथ भाजपा स्थापना दिवस- रामकिशोर कावरे..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सिंद्धांत पाटिल और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डिल्लन सिंह ताराम ने कल भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी,***

सत्यनाराण अग्रवाल, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना मर्सकोले, प्रदेश मीडिया पैनेलिस्ट निशांत बिसेन, महेन्द्र सुराना, दिलीप चौरसिया, किरण भाई त्रिवेदी सहित भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की प्रमुख उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया। सर्वप्रथम भारत माता, डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यापर्ण, पूजन किया गया।

इस अवसर पर नवनियुक्त अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सिंद्धांत पाटिल और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डिल्लन सिंह ताराम को उन्हें आवंटित कक्ष में ससम्मान में प्रवेश करवा कर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कार्य सौंपा। जिनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के अंगवस्त्र और करतवल ध्वनि से भव्य स्वागत-सत्कार कर मिष्ठान वितरित किया। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने दी।

### ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को नेतृत्व- भाजपा जिलाध्यक्ष

मंचीय कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा, आज अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमें अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सिंद्धांत पाटिल और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डिल्लन सिंह ताराम के तौर ऊर्जावान कार्यकर्ताओं का नेतृत्व प्राप्त होगा। इनकी कार्यप्रणाली निंसदेह उल्लेखनीय है जिसकी जितनी भी तारिफकी जाए उतनी ही कम होगी। नव नियुक्ति् मोर्चो के जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में मोर्चा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास अर्जित करने में निर्णायक सिद्ध होगा। हमें इस गाथा को बढाते हुए हम 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस हरघर और प्रत्येक बूथों में संगठन, जनकल्याण के भाव से मनाएं।

### बोले रमेश रंगलानी..

इसी कडी में पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में भाजपा की रीति-नीति से अवगत करवाते हुए संगठन निर्णय की उत्कंठ मन से प्रशंसा की। और कहा कि सिंद्धांत पाटिल और डिल्लन सिंह ताराम जैसे से संगठन निष्ठ कार्यकर्ताओं को नव दायित्व मिलना सम्मान की बात है।

### कोई कोर कसर नही छोडेगें- नव नियुक्त जिलाध्यक्ष

वहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सिंद्धांत पाटिल और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डिल्लन सिंह ताराम ने अपने मार्मिक संबोधन में कहा हम जैसे कार्यकर्ताओं को इतना महत्व भारतीय जनता पार्टी जैसी विचारधारा वान, अंत्योदय के लक्ष्य वाली पार्टी में संभव है हम पूर्ण निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ इस महत्ती जवाबदेही को राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के निमित्त निर्वहन करने में कोई कोर कसर नही छोडेगें।

## अभाविप ने बालाघाट में शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय प्रशासन को दिया 15 दिनों का अल्टीमेटम..

### विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालाघाट ने शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में नगर इकाई द्वारा आज महाविद्यालय के प्राचार्या को विभिन्न मांगों के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से प्राचार्या महोदया***

को अवगत कराया गया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व विद्यार्थी परिषद ने विगत 15 दिनों में महाविद्यालय में सर्वेक्षण किया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी समस्याओं से परिषद कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। छात्राओं ने बताया कि महाविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिनके निराकरण के लिए अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विद्यार्थी परिषद की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कोमल भंडारकर ने बताया कि - महाविद्यालय परिसर में स्थित छात्रावास की शुल्क दरें अत्यधिक होने के कारण छात्राएँ इसे छोड़ने हेतु विवश हुईं, जिससे यह नवनिर्मित छात्रावास वर्तमान में पूर्णतः रिक्त है। यह स्थिति महाविद्यालय प्रशासन की नीतिगत त्रुटि का परिणाम है।

महाविद्यालय परिसर के भीतर छात्रावास होने से छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, जबकि दूरस्थ शासकीय छात्रावास तक आने-जाने में उनका समय एवं ऊर्जा दोनों व्यर्थ होते हैं। महाविद्यालय छात्रा आशा डोंगरे ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में कुछ माह पूर्व तक कैंटीन सुविधा उपलब्ध थी, जो अब कुछ समय से बंद है। दूरदराज से आने वाली छात्राओं को भोजन एवं जलपान के लिए परिसर से बाहर जाना पड़ता है, इससे न केवल उनका शैक्षणिक समय नष्ट होता है, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। नगर मंत्री कुबेर सिंह बैस ने बताया कि काउंटर विंडो की समय सीमा में वृद्धि की जाए , परीक्षा फॉर्म एवं अन्य कार्यों हेतु खिड़की का समय अत्यंत कम है। ग्रामीण अंचलों से आने वाली छात्राओं के परिवहन साधनों की अनिश्चितता को देखते हुए काउंटर का समय बढ़ाया जाना न्यायोचित होगा।

जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने कहा की महाविद्यालय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो परिषद उग्र आंदोलन एवं तालाबंदी करने में बाध्य होगी और इसकी सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल, नगर मंत्री कुबेर सिंह बैस, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कोमल भंडारकर, आशा डोंगरे, भारती ठाकरे, रोशनी बढ़ाई, मोनिका वरकड़े, हेमा पाचे, पल्लवी वैध, सरोज यूके, चेतना, शांतनु, कलश असाटी, राहुल बूरडे, अमन दशेरिए, नितिन, मुदित धानेश्वर, प्रियांशु तिवारी, ऋषभ राउत, रौनक आसटकर, तोहिद खान, अंबर ध्यानी, नारायण पटेल , ऋषभ विश्वकर्मा अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## अरिहंत प्राइवेट आईटीआई में संपन्न हुआ हीरो मोटोकॉर्प का ओपन ड्राइव कैंपस..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***अरिहंत प्राइवेट आईटीआई द्वारा 10 वीं पास एवं आईटीआई उत्तीर्ण सभी ट्रेड के पास युवा बेरोजगारों के लिए अरिहंत प्राइवेट आईटीआई लालबर्रा रोड गर्रा में दिनांक 02/ 04/ 2026 को***

जॉब प्लेसमेंट ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन नोएडा से आई प्लेसर रिक्रूटमेंट कंपनी जिसने हीरो मोटोकॉर्प वडोदरा गुजरात के लिए कैंपस किया जिसमें रिक्रूटमेंट कंपनी द्वारा हीरो मोटोकॉर्प बड़ोदरा के लिए 44 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। कैंपस में 94 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

रिक्रूटमेंट कंपनी से आए रोहन पाटिल ने प्रशिक्षणार्थियों का इंटरव्यू लेकर उनका चयन किया, कैंपस सेलेक्शन में शामिल हुए प्रशिक्षणार्थियों को संस्था के डायरेक्टर श्री सुशील जैन ने उत्साहवर्धन किया एवं कैंपस में सफ्ल हुए प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी। जिनका कैंपस में चयन नहीं हुआ उनके लिए उन्होंने कहा की आपको निराश होने की जरुरत नहीं है आगामी दिनों में अरिहंत प्रा आई टी आई में और भी कैंपस का आयोजन होना है तो आप लोगो का भी उसमे चयन हो जायेगा।

इस कैंपस को सफ्ल बनाने में संस्था के प्राचार्य महेंद्र ठाकरे, कोऑर्डिनेटर प्रह्लाद सोनी, राजेश ठाकरे, क्राऊन कोचे, सागर सराठे, नागेंद्र बाहेश्वर, अनिल चौधरी, बसंत टेम्भरे, गोविन्द घाटे, एवं रोहित घाटे का विशेष योगदान रहा।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।


वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52933

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाड़ा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## भाजपा के युवा निशांत बिसेन को प्रदेश स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी, मीडिया पैनलिस्ट बनाए गए

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

भारतीय जनता पार्टी ने बालाघाट जिले के युवा नेता निशांत बिसेन को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया है। यह दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि पार्टी के विचारों और नीतियों को विभिन्न मंचों पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने, जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सशक्त पक्ष रखने और संगठन की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने की अहम जिम्मेदारी है।

इस बड़ी जिम्मेदारी के मिलने के बाद पूरे बालाघाट जिले में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। जैसे ही यह खबर सामने आई, उनके शुभचिंतकों, समर्थकों और परिचितों ने देर रात से ही बधाई देने का सिलसिला शुरू कर दिया, जो शुक्रवार भर जारी रहा। फोन कॉल, सोशल मीडिया संदेशों और व्यक्तिगत मुलाकातों के माध्यम से लोगों ने अपनी खुशी जाहिर की। कई स्थानों पर उन्हें गुलदस्ते भेंट किए गए और मिठाई खिलाकर इस उपलब्धि का उत्सव मनाया गया। निशांत बिसेन ने इस अवसर पर सबसे पहले भगवान एवं अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। वे पूरी निष्ठा, समर्पण और सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए पार्टी की विचारधारा और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इसी क्रम में ÷अपना परिवार÷ के प्रमुख हितेश अजीत ने भी निशांत बिसेन को गुलदस्ता भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनहितकारी कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले निशांत बिसेन अपनी इस नई भूमिका में भी उसी ऊर्जा और उत्कृष्टता के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम छोर पर खड़े जरूरतमंदों की सशक्त आवाज बनेंगे और अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाते रहेंगे। मीडिया पैनलिस्ट बनने पर निशांत बिसेन ने प्रदेश नेतृत्व के साथ-साथ जिला अध्यक्ष रामकिशोर कांवरे, सांसद भारती पारधी, पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, विधायक गौरव पारधी, राजकुमार कर्राहे, ओबीसी आयोग सदस्य मौसम बिसेन सहित जिले के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से ही वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं और आगे भी संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि निशांत बिसेन ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2007 में जी बिजनेस नोएडा से की थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली, रायपुर और भोपाल जैसे प्रमुख शहरों में रहकर पत्रकारिता के विभिन्न आयामों को गहराई से समझा और अनुभव प्राप्त किया। उनकी पहचान एक निर्भीक, तथ्यपरक और



जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता के लिए रही है, जिसने उन्हें समाज के बीच एक मजबूत पहचान दिलाई। वर्ष 2021 से वे जबलपुर संभाग में सक्रिय रहकर अपनी सेवाएं दे रहे थे, जहां उन्होंने जमीनी मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए आम जनता की आवाज को मंच तक पहुंचाने का कार्य किया। उनके भीतर हमेशा कुछ नया सीखने और आगे बढ़ने का जुनून रहा है, जो उन्हें निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करता रहा है।

छोटे से गांव सालेटेका से निकलकर प्रदेश स्तर तक पहुंचने की यह प्रेरणादायक यात्रा उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। आज वे न केवल युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं, बल्कि यह साबित कर चुके हैं कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की रही भागीदारी..

### झांकियां रही आकर्षण का केंद्र, हजारों लोगों ने पाई महाप्रसाद..

**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार.. बल बुद्धि विद्या देहु मोहि, हरहु कलेश विकार.. जब-जब भक्तों ने इस विनय के साथ पवनपुत्र का स्मरण किया, तब-तब संकट अपने आप दूर होते गए। भगवान श्रीराम के वनवास काल में लंका तक मार्ग प्रशस्त करने से लेकर माता सीता की खोज और रावण की स्वर्ण नगरी में पराक्रम का परचम लहराने वाले बजरंगबली की गाथा आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है। वहीं लक्ष्मण के मूर्छित होने पर संजीवनी बूटी के लिए पूरा पर्वत उठा लाने का अद्भुत प्रसंग भक्तों के मन में अटूट विश्वास और समर्पण की भावना जगाता है।

इन्हीं आदर्शों और अटूट आस्था के साथ 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को उकवा क्षेत्र में श्रीमंत हनुमान जन्मोत्सव एवं पूर्णिमा महोत्सव के अवसर में प्रातः 8 बजे से श्री हनुमंत पूजन सायं 4 बजे से सत्य नारायण कथा पूजन एवं हवन किया गया तथा रात्रि 7:30 बजे से जगन्नाथ धाम उकवा में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया









इसी प्रकार 3 अप्रैल दिन शुक्रवार को शाम 6 बजे से दुर्गा ग्राउंड उकवा से शोभायात्रा निकाली गई एन टी के धुमाल कटंगी गुलशन आर्ट ग्रुप गोंदिया की महाबली हनुमान जी एवं श्रीराम जी की झांकी बाबा महाकाल की स्वचलित झांकियां कानपुर के बाबा महाकाल एवं काली माता की झांकियों का बेजोड़ संगम रहा जिसमें कीर्ति डीजे उकवा द्वारा सहयोग प्रदान किया गया तथा शोभायात्रा देर रात्रि तक पुरे क्षेत्र का भ्रमण कर दुर्गा ग्राउंड उकवा वापस पहुंचकर सम्पन्न किया गया।

इस दौरान दुर्गा ग्राउंड उकवा में शाम 7 बजे से महाप्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह उत्सव केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि शक्ति, सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। प्रभु श्रीराम एवं हनुमान भक्तों ने एवं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड उकवा द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह की भक्ति और सहभागिता भविष्य में भी क्षेत्र को धर्म और संस्कारों की राह पर अग्रसर करती रहेगी। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में उकवा में शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा में रूपझर थाना प्रभारी उकवा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कांस्टेबल सहित भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहा। सर्व धर्म सेवा समिति एवं भारतीय जनता पार्टी उकवा द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र में शोभायात्रा में शामिल भक्तों को जगह जगह ठंडा शरबत और पानी वितरित किया गया।



## कार्यालय ग्राम पंचायत दामोह

जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत दामोह जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती यशोदा धुर्वे, सरपंच — श्री अरविंद कुमार बंजारा, उप सरपंच

श्री अर्जून नेताम, सचिव — श्री भूपेन्द्र धुर्वे, रोजगार सहायक — श्रीमती निर्मला पवार, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत मनेगाव

जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मनेगाव जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री अशोक कुमार वलके, सरपंच — श्री भागवत चौधरी, उप सरपंच

श्री घनश्याम बघेल, सचिव — श्री नोहार हीरवानी, रोजगार सहायक — श्रीमती सोमेश्वरी करावे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत ददकसा

जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत ददकसा जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री फूलसिंह मेरावी, सरपंच — श्री गौतम पंद्रे, उप सरपंच

श्री विनोद रहांगडाले, सचिव — श्री देवलाल पंद्रे, रोजगार सहायक — श्री सूमरत परते, मोबेलाईजर

**दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लातरी

जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्यू/पंचा/2026 लातरी दिनांक 02/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लातरी में जी राम जी पंचायत निधि एवं अन्य योजना 05 वित्त, 15वां वित्त, राज्य वित्त योजना, पंचायत निधि एवं अन्य योजना से विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री - सीमेन्ट, लोहा, ईट, गिट्टी, रेत, मुरूम, पानी टेंकर, मिक्सर मशीन, दरवाजे खिड़की, इलेक्ट्रानिक सामग्री- कम्प्युटर सामग्री, सीमेन्ट कुर्सी, लोहा कुर्सी, स्टेशनरी, प्लाबरिंग सामाग्री, टाईल्स, फर्नीचर सामग्री आदि हेतु सप्लायर वेंडर के लिये निविदा आमत्रित की जाती है निविदा बंद लिफाफे में 02/04/2026 से 06/04/2026 तक कार्यालीन समय पर कार्यालय ग्राम पंचायत लातरी में वर्ष 2026-2027 के लिये आमंत्रित है निविदा खुलने का दिनांक 08/04/2026 को समय 11 बजे रहेगा।

भुरसीबाई मेरावी, सरपंच — नैन सिंह कुशरे, उप सरपंच

महेन्द्र सिंह वल्के, सचिव — विजय मेरावी, रोजगार सहायक — महेन्द्र सिंह वल्के एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत लातरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत समारिया

जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत समारिया जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती अनिता शीतल धुर्वे, सरपंच — श्रीमती महादेवी मेरावी, उप सरपंच

श्री उदेलाल लिल्हारे, सचिव — श्री मिलेन्द्र पीवहरे, रोजगार सहायक — सुश्री दुर्गेश्वरी मरकाम, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत जेटपूरी

जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत जेटपूरी जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती रामली सलीक पंद्रे, सरपंच — श्री मायाराम मेरावी, उप सरपंच

श्री राजकुमार पंद्रे, सचिव/ रोजगार सहायक — सुश्री प्रतीमा मेरावी, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत जयराशी

जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत जयराशी जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री मुंगेलसिंह धुर्वे, सरपंच — श्री सगनुसिंह धुर्वे, उप सरपंच

श्री रामप्रसाद, सचिव — श्री दिपक सोनवाने, रोजगार सहायक — श्री धीरनसिंह पंद्रे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत निकुम

जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत निकुम जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती उर्मिला विनोद सय्याम, सरपंच — श्री बालाजी कुमार पंचेश्वर, उप सरपंच

श्री समरसिंह मेरावी, सचिव — श्री उरज कुशहारे, रोजगार सहायक — श्रीमती साधना कुशहारे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत थेमा

जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत थेमा जनपद पंचायत परसवाड़ा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री संपतसिंह उइके, सरपंच — श्रीमती निर्मला पटले, उप सरपंच

रूपराम सोनवाने, सचिव — श्री देवेन्द्र तुरकर, रोजगार सहायक — श्रीमती रंजीता तुरकर, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोरजा

जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत कोरजा जनपद पंचायत परसवाड़ा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती किरनबाला अनिल टेकाम, सरपंच — श्री देवराज रहांगडाले, उप सरपंच

श्री दिनेश बघेल, सचिव — श्री संजय पटले, रोजगार सहायक — श्रीमती नीतू मरस्कोले, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत गरही

जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत गरही जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

सुश्री रोशनी मेरावी, सरपंच — श्री प्रतापसिंह करायत, उप सरपंच

इतवारीसिंह धुर्वे, सचिव — श्री समालसिंह धुर्वे, रोजगार सहायक — सुश्री हेमलता धुर्वे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत बम्हनी

जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत बम्हनी जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 05/04/2026 से 10/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती शकुंतला श्याम मरकाम, सरपंच — श्री प्रितामसिंह धुर्वे, उप सरपंच — श्री संजय सर्वे, सचिव/ रोजगार सहायक










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


## देवधर मैदान के खिलाडी दिखा रहे आईपीएल 2026 में जौहर, प्रदीप जायसवाल ने नई ऊंचाइयों के लिए दी शुभकामनाये..

### अरशद खान गुजरात टाइटन्स मे और मंगेश यादव रायल चैलेंजर्स बैंगलौर की टीम मे हुये शामिल..







**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के नेत्रत्व मे खेल के साथ खिलाडीयो को भी प्रोत्साहित करने का आल इंडिया देवधर टाफी वारासिवनी का सपना अब धरातल पर नजर आने लगा है।***

देश के प्रसिद्व अंतर्राष्टीय खिलाडीयो के वारासिवनी मैदान मे आगमन के बाद छोटे स्तर से क्रिकेट की शुरूवात करने वाले निकट के नगरो के खिलाडी भी राष्टीय मंचो पर अपने नाम को रोशन कर रहे है। आल इंडिया देवधर क्रिकेट ट्राफी वारासिवनी के कई कीर्तिमानों में अब एक नया अध्याय जुड़ते देखा जा रहा है। वर्तमान में इसी मैदान से खेल की बारीकियों को सीखने वाले दो खिलाडी आईपीएल 26 मे गुजरात टाइटन्स और रायल चैलेंजर्स बैंगलौर टीम में प्रमुख रूप से शामिल हुये है।

देवधर क्रिकेट के सदस्य प्रबल जायसवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार सिवनी की टीम से सन 2019 तक अरशद खान देवधर ट्राफी में लंबे समय तक खेलने आया करते थे। जिन्हें अभी गुजरात टाइटन्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

इसी देवधर मैदान की पहचान एम एच क्लब जबलपुर के सन 2024 के खिलाडी मंगेश यादव को रायल चैलेंजर्स बैंगलौर ने करोड़ो रुपए में हायर कर टीम का मनोबल बढ़ाया है।

दोनों युवा खिलाड़ी की लंबी छलांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये देवधर क्लब के सरंक्षक प्रदीप जायसवाल ने कहा की घरेलू मैदान से आईपीएल 2026 तक का सफर कड़ी मेहनत और अटूट समर्पण का प्रतीक है। इस शानदार उपलब्धि के लिए वे दोनो प्रतिभावान खिलाडी अरशद खान व मंगेश यादव को बहुत-बहुत बधाई प्रेषित करते है। इन दोनो खिलाडीयो ने साबित कर दिया है कि सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है। अब आईपीएल के बड़े मंच पर अपने टैलेंट का जलवा दिखाने और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए उन्हे पूरे देवधर परिवार की तरफसे हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते है।

### टीम इंडिया के अंतरार्ष्टीय खिलाडीयो को हो चुका है वारासिवनी मैदान मे आगमन..

पिछ्ले कई सालो से आल इंडिया देवधर क्रिकेट टाफी क्रिकेट के बदलते स्वरूप के साथ अपनी पहचान बनाये रखे हुये है। इसी क्रिकेट के बडे आयोजन से राजनितीक तौर पर सफलता पाने वाले पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का साथ पिछ्ले तीन दशको से जूडा हुआ है। आज उनके प्रयासो से ही अब ग्रामीण क्षेत्रो मे भी प्रीमियर लीग के नाइट आयोजन तक बडे स्तर पर आयोजित हो रहे है। श्री जायसवाल के प्रयासो से ही वारासिवनी के खेल मैदान मे अंतर्राष्टीय खिलाडी संदीप पाटिल, विनोद कांबली, हरभजन सिंह, गौतम गंभीर, आरपी सिंह का आगमन हो चुका है। जिनके मार्गदर्शन मे बडे बडे खिलाडीयो ने खेल के मैदान की बारिकीया तक उनसे सीख कर आज अपने आप को आईपीएल जैसे बडे राष्टीय मंचो तक पहुचने का जरिया बनाया है।

## व्यस्क मादा तेंदुए का मिला शव

## आपसी संघर्ष से मौत होने का अनुमान, पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिति होगी साफ





**जगप्रेरणा कटंगी।**

***वन्य प्राणियों के लिए स्वर्ग माने जाने वाले बालाघाट जिले के वन क्षेत्र से आए दिन वन्य प्राणी बाघ और तेंदुए की प्राकृतिक, आपसी संघर्ष और शिकार से मौत की घटनाएं सामने आ रही है।***

इन घटनाओं से वन्य प्राणी प्रेमियों में काफी नाराजगी है और वह इन घटनाओं को लेकर काफी चिंतित भी दिखाई देते है। इस बीच आपसी संघर्ष से एक व्यस्क मादा तेंदुए की मौत की एक बड़ी घटना फिर से प्रकाश में आई है। तिरोड़ी तहसील के वन विकास निगम लामटा परियोजना के जंगल में व्यस्क मादा तेंदुए का शव मिला है। जिससे पूरे विभागीय महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

वन विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, शरीर पर गहरे चोट के निशान, जबड़े और अन्य अंगों पर घाव के निशान है जो प्रारंभिक तौर पर आपसी लड़ाई में मादा तेंदुए की मौत होने की तरफ इशारा कर रहे है। तेंदुए का शरीर क्षत-विक्षत होने लगा था। जिससे यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि शव करीब चार दिन पुराना हो सकता है।

शुक्रवार की दोपहर करीब 02 बजे के आस-पास जंगल की नियमित गश्ती करने वाले वन विकास निगम के वनकर्मी ने सादाबोड़ी बीट के कक्ष क्रमांक 782 में चाकाहेटी से सिवनहेटी के बीच जंगल में मादा तेंदुए का शव देखा था। जिसके बाद वनकर्मी ने वरिष्ट अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर उप संभागीय प्रबंधक अनिल क्षत्रिय, वन क्षेत्रपाल लालबर्रा विजय कुमरे, वन क्षेत्रपाल दिनेश रामटेके घटनास्थल पर पहुंचे। वन अमले ने घटनास्थल को रस्सी से फेंसिग कर सील कर दिया था ताकि तेंदूए के शव के पास किसी की भी एंट्री ना हो पाए और घटनास्थल के साक्ष्य प्रभावित ना हो और ना ही साक्ष्य से किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ हो पाए। डिप्टी डीएम के मुताबिक तेंदुए के शव के पूरे अंग पूरी तरह से सुरक्षित है। तेंदुए का शव मिलने की जानकारी मिलते ही वन विकास निगम का अमला हरकत में आया और डॉग स्कावयड की टीम भी मौके पर पहुंची।

शनिवार को दोपहर 02 बजे चिकित्सकों की टीम आने के बाद घटनास्थल पर ही तेंदुए के शव का पीएम हुआ। अनुसूची-1 का संरक्षित प्राणी होने की वजह से राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के सख्त प्रोटोकॉल के तहत वन विभाग के वरिष्ट अधिकारियों, तिरोड़ी तहसीलदार, ग्राम पंचायत सरपंच की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। बहरहाल, विभाग के डीएम ने प्रथम दृष्टया वन्य प्राणियों के आपसी संघर्ष के दौरान मादा तेंदुए की मौत होने की संभावना जताई गई है। घटनास्थल के आस-पास एक अन्य तेंदुए के भी साक्ष्य मिले है जिससे आपसी संघर्ष की संभावना और प्रबल हो जाती है। हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत के सही कारण का पता चलेगा।

गौरतलब हो कि विगत वर्ष वन परिक्षेत्र कटंगी के अलग-अलग हिस्सों में 03 तेंदुए और 02 बाघ की मौत हुई थी। 02 मार्च 2025 को कोड़मी में बाघ का शव मिला था। जिसके गले में तार का फंद्रा लगने से मौत हुई थी। 11 दिसंबर 2025 को आंजनबिहरी में बाघ का शव मिला था। जिसकी करंट की चपेट में आने से मौत हुई थी और शव का यहां लाकर फेंका गया था। 29 मार्च 2025 को ग्राम नंदोरा में रमेश लक्षणे के खेत में बनी खुली कुएं में गिरने से वन्य प्राणी तेंदुए की मौत हो गई थी। 03 अप्रैल 2025 को बड़पानी में नीलकंट मालेवार के खेत में बनी कुएं में तेंदुए का शव मिला था।

### वन विकास निगम संभागीय प्रबंधक आर. के. सोलंकी..

प्रारंभिक तौर पर आपसी संघर्ष से मादा तेंदुए की मौत का अनुमान है। चिकित्सकों की टीम ने पीएम किया है। वहीं प्रोटोकॉल के साथ अंतिम संस्कार किया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा।

## युवाओ को एक ही स्थान पर जॉब के अवसर उपलब्ध कराना रोजगार मेले का है उद्देध्य - प्रदीप जायसवाल

### शासकीय महाविद्वालय मे रोजगार के लिये 15 सौ युवाओ ने कराया पंजीयन..









**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***क्षेत्र के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में जिला प्रशासन बालाघाट के तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।***

जिसमें सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, विधायक विवेक पटेल, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सन्दीप मिश्रा, जिलाधीश मृणाल मीणा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी शामिल हुए। शासकीय कालेज मे पहली बार बडे स्तर पर आयोजित रोजगार मेले मे वारासिवनी, खैरलांजी व कंटगी क्षेत्र के करीब 15 सौ युवाओ ने भाग लेकर अपना पंजीयन कराया और विभिन्न कंपनीयो के इंटरव्यू मे शामिल होने का कार्य किया। जिसमे से लगभग 1 हजार से अधिक युवाओ को जाब आफर प्रदान किये गये।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की युवाओं को एक ही स्थान पर नौकरी के अवसर उपलब्ध कराना है। यह नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों के बीच सीधे संपर्क को बढ़ावा देता है। जिससे त्वरित भर्ती संभव हो सके।साथ ही यह युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने का भी एक मंच है। आज महाविद्यालय परिसर में ही यह रोजगार मेला सुबह 10 बजे से प्रारंभ किया गया है। जिसमें क्षेत्र के युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गये। प्रदेश सरकार आज विशेष रूप से औधोगिक क्षेत्रो को मजबुत करने की दिशा मे भी तेज झति से कार्य कर रही है। हमने पहले ही क्षेत्र मे एथेनाल के बडे बडे प्लांट लगा दिये है। साथ ही करोडो रूपये के बडे बडे पूलो के निर्माण कराने से जंहा क्षेत्र महानगरो से सीधे तौर पर जुड रहा है। वही इन जगह पर पेटोल पंपो और अन्य व्यवसाय की बढोतरी भी हो रही है। इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के कई युवा पहले से ही बड़ी कंपनियों में कार्यरत हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वारासिवनी क्षेत्र में अब तक इस प्रकार का रोजगार मेला आयोजित नहीं हुआ था। इसलिए यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह मेला युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कलेक्टर मृणाल मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाघाट जिले के अनेक युवा बेंगलुरु एवं अहमदाबाद में कार्यरत हैं। जिला प्रशासन लगातार इन युवाओं के संपर्क में है और उनसे संवाद करता रहता है। उन्होंने बताया कि जब भी कोई नया युवा रोजगार के लिए बाहर जाता है। तो जिला प्रशासन एवं पुलिस की टीम भी उनके साथ जाती है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं मिल रही हैं और कंपनी विश्वसनीय है।

महाविद्वालय की की प्राचार्य डॉ. सरिता कोल्हेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में टाटा, रॉयल एनफील्ड, माइक्रान,यजाकी और फॉक्सकॉन जैसी प्रमुख कंपनियां चयन प्रक्रिया के लिए शामिल हुयी है।विशेष रूप से बेंगलुरु स्थित फॉक्सकॉन कंपनी महिलाओं के लिए विशेष रोजगार अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भाग ले रही है। कार्यक्रम की विशेषता यह रही की कालेज परिसर में चयनित युवाओ को जॉब के ऑफर लेटर तक जनप्रतिनिधियों के हस्ते वितरित कराकर उनके सपनों को पूरा किया गया। कार्यक्रम मे जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल,सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल,मेले के समन्वयक आशिष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। रोजगार मेले के सफल आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह का माहौल देखा गया और उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद जगी है।

## रामपायली में हनुमान जन्मोत्सव की धूमः भक्ति और शक्ति के संगम के साथ संपन्न हुई भव्य शोभायात्रा..







**जगप्रेरणा रामपायली, बालाघाट।**

***अध्यात्म और आस्था की पावन नगरी रामपायली में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का पर्व एक ऐतिहासिक उत्सव में बदल गया।***

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल (प्रखंड-वारासिवनी) के नेतृत्व में आयोजित इस विशाल कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। सुबह से ही मंदिरों में शुरू हुआ पूजा-अर्चना का दौर देर रात तक जारी रहा।

### केसरिया रंग में रंगा रामपायली क्षेत्र

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शाम को निकाली गई भव्य शोभायात्रा रही। भगवान हनुमान की दिव्य प्रतिमा को रथ पर सवार कर जब नगर भ्रमण पर निकाला गया, तो पूरा वातावरण 'वीर हनुमान' और 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा। सांस्कृतिक छटाः शोभायात्रा में पारंपरिक ढोल-ताशों की थाप पर युवा थिरकते नजर आए। अभूतपूर्व जनसैलाबः न केवल रामपायली बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने इस यात्रा में हिस्सा लिया, जिससे सड़कों पर केवल केसरिया ध्वजों का जनसैलाब दिखाई दे रहा था समिति ने प्रकट की कृतज्ञता

आयोजन की अभूतपूर्व सफलता पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल (रामपायली) ने आभार संदेश जारी करते हुए इस सफलता का श्रेय जन-सहयोग को दिया है यह आयोजन केवल एक संस्था का नहीं, बल्कि हर उस राम भक्त का था जिसने इसमें अपना बहुमूल्य समय और सहयोग दिया। प्रभु श्री राम बालाजी की कृपा से ही आज हम इतनी भव्यता और दिव्यता प्राप्त कर सके हैं।÷

### भंडारा और महाआरती

शोभायात्रा के समापन के पश्चात मुख्य मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्य ज्योत प्रज्वलित की गई। इसके उपरांत भक्तों के लिए महाप्रसाद (भंडारा) की व्यवस्था की गई थी, जहाँ हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रशासन और स्थानीय वॉलंटियर्स ने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### एक नजर में आयोजनः

मुख्य आयोजकः विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं समस्त ग्रामवासी।

विशेषः पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज और दिव्य झांकियां।

संदेशः आयोजकों ने भविष्य में भी इसी प्रकार की एकजुटता और धर्म के प्रति अटूट आस्था बनाए रखने का आह्वान किया है।

प्रभु के चरणों में समर्पित यह आयोजन क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ।

## पीपलेश्वर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर तिरोड़ी में धूम धाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव..



**जगप्रेरणा तिरोड़ी।**

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री तिरोड़ी सरकार पिपलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इसकी शुरुआत दिनांक 01 अप्रैल 2026 बुधवार श्री गौरी गणेश पूजन सम्पूर्ण रामायण पाठ आवाह्न के साथ प्रातः 10 बजे प्रारम्भ किया गया, जो विशेष मंडल के माध्यम से पूर्ण किया गया। दिनांक 02 अप्रैल 2026 दिन गुरुवार श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रातः 5 बजे श्री तिरोड़ी सरकार पीपलेश्वर दक्षिण मुखी हनुमानजी महाराज का अभिषेक श्रृंगार विशेष चोला चढ़ाकर 07 बजे प्रातःकालीन आरती के पश्चात 9.00 बजे से विशाल बाइक रैली एवं नगर भ्रमण किया गया दोपहर 12 बजे रामायण पाठ विसर्जन एवं हवन पूजन किया गया तथा शाम 5.30 बजे वर्ष की सबसे बड़ी महाआरती के साथ भव्य चल समारोह शोभा यात्रा का अयोजन किया गया जो कि पिपलेश्वर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से निकलकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस हनुमान मंदिर में इसका समापन हुआ दिनांक 03 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार दोपहर 3 बजे से सुदरकांड पाठ आरती तत्पश्चात भोजन भंडारा एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने मे मंदिर समिती के पदाधिकारियों एवं तिरोड़ी नगरवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## किरनापुर में आस्था पर प्रहार: आपत्तिजनक पुस्तकें बाँटते 3 आरोपियों पर मामला दर्ज..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***किरनापुर क्षेत्र में सनातन धर्म के विरुद्ध दुष्प्रचार करने और भोली-भाली जनता को गुमराह कर अपनी विचारधारा थोपने का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है।***

'विश्व हिंदू परिषद **(VHP)** और बजरंग दल' की सक्रियता से तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया, जो 'ज्ञान गंगा' नामक विवादास्पद पुस्तक के माध्यम से हिंदू देवी-देवताओं का अपमान कर रहे थे।

### दुकान पर पहुँचकर 'ब्रेनवॉश' करने की कोशिश..

घटना 3 अप्रैल दोपहर गुजरी चौक स्थित 'एकता बूट हाउस' की है। आरोपी 'पूरन पाँचे, नन्दकिशोर साहू और केवलराम निखाड़े' दुकान संचालक विजय बैस को मात्र 20 रुपये में पुस्तक बेच रहे थे। जब पुस्तक के 'पेज नंबर 30 और 31' को पढ़ा गया, तो उसमें भगवान शिव, भगवान विष्णु और माता गायत्री के चरित्र पर अत्यंत अमर्यादित और अश्लील टिप्पणियां पाई गईं। तत्काल इसकी सूचना संगठन को दी गई और आरोपियों के विरुद्ध किरनापुर थाने में '**BNS** की धारा 29' के तहत 'अपराध क्रमांक 0110/2026' दर्ज कराया गया। मुकेश ठाकरे

### विश्व हिंदू परिषद का कड़ा बयान..

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी 'मुकेश ठाकरे' ने इस घटना पर आक्रोश जताते हुए कहा: 'किरनापुर और ग्रामीण अंचलों में संत रामपाल के अनुयायी योजनाबद्ध तरीके से सक्रिय हैं। ये लोग धर्म की आड़ में अधर्म का प्रचार कर रहे हैं। हमारे आराध्य देवों का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह सीधे तौर पर हमारी आस्था को चोट पहुँचाने और समाज में फूट डालने का षड्यंत्र है। प्रशासन को इस गिरोह की जड़ों तक जाना चाहिए'

**'कोई पहली घटना नहीं:** देश भर में फैला है यह विवादित नेटवर्क' उल्लेखनीय है कि संत रामपाल के अनुयायियों द्वारा इस तरह का साहित्य बाँटने का यह कोई पहला मामला नहीं है।

**भोपाल व जबलपुर में विवाद:**'इससे पहले प्रदेश की राजधानी भोपाल और संस्कारधानी जबलपुर में भी बजरंग दल ने 'ज्ञान गंगा' पुस्तक बाँट रहे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। वहाँ भी देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी के आरोप लगे थे।

**छतरपुर और छत्तीसगढ़:** छतरपुर में भी संगठन ने इन पुस्तकों पर प्रतिबंध की मांग की थी, जबकि छत्तीसगढ़ के मंदिर हसौद में इसी विषय को लेकर हिंसक झड़पें तक हो चुकी हैं।

### पुलिस की सतर्कता और संगठन की अपील..

किरनापुर पुलिस के एएसआई उमेश मिश्रा इस मामले की गहराई से जाँच कर रहे हैं। बजरंग दल और वीएचपी ने चेतावनी दी है कि यदि क्षेत्र के किसी भी गाँव में इस तरह की संदिग्ध गतिविधियाँ पाई गईं, तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से कड़ा विरोध प्रदर्शन करेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी आस्था के प्रति सजग रहें और ऐसे किसी भी बहकावे में न आएँ।

### बोले विजय बैस (शिकायतकर्ता)..

'ज्ञान के नाम पर जो अश्लीलता और अपमान इन पन्नों में भरा है, वह समाज के लिए घातक है। हमने तुरंत कार्रवाई कर इसे रोका है।'

## सनशाईन किड्स प्ले का परिक्षा परिणाम सराहनीय शाला परिवार ने की उज्जवल भविष्य की कामनाएं..







जगप्रेरणा लांजी।

***सनशाईन किड्स प्ले स्कूल लांजी प्रबंधन के द्वारा अपना वार्षिक परीक्षा फल परिणम घोषित किया गया। जहां परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा,***

छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल एवं अभिभावको का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय में सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे इसी क्रम में कक्षा नर्सरी से प्रथम स्थान में हर्षिता शेलके 99.5 प्रतिशत, रुद्र समुंडा 99.5 प्रतिशत, दुतीय में हमदान नाजमी 98.5 प्रतिशत, श्रेयांश मेश्राम 98.5 प्रतिशत, प्रवीणा सोमनकर 98.5 प्रतिशत, तृतीय आरिश शेख 97 प्रतिशत, अन्वीका गुजार 97 प्रतिशत, आरुष बोरकर 97 प्रतिशत, कक्षा एल. के. जी. से प्रथम रितिसा घोंगड़े 99.5 प्रतिशत, प्रिंसी सहारे 99.5 प्रतिशत, हिमांशी लिल्हारे 99.5 प्रतिशत, सेजल किरमे 99.5 प्रतिशत, आरोही किरमे 99.5 प्रतिशत, रोनित टेंभरे 99.5 प्रतिशत, दुतीय गुनगुन चौरवाड़े 98 प्रतिशत, लोखी कोठारे 98 प्रतिशत, तृतीय प्रिंसी नेवारे 97.5 प्रतिशत, वंशिका मातरे 97.5 प्रतिशत, कक्षा यू .के. जी. **(ý)** से अंकुश सोनवाने 99.5 प्रतिशत, ग्रेसी सोमनकर 99.5 प्रतिशत, दृतीय इब्राहिम खान 97 प्रतिशत, सुप्रिया कावरे 97 प्रतिशत, तृतीय लवीना राहंगडाले 95.5 प्रतिशत, जीनल हरिनखेडे 95.5 प्रतिशत, आलिया मातरे 95.5 प्रतिशत, अयान किरमे 95.5 प्रतिशत इसी क्रम यू. के. जी.**(B)** से प्रथम गुनगुन चन्नाने 99 प्रतिशत, त्विशा यादव 99 प्रतिशत, नित्या कश्यप 99 प्रतिशत, नित्या मातरे 99 प्रतिशत, भावित अग्रवाल 99 प्रतिशत, दृतीय नित्या रोकड़े 98 प्रतिशत, हर्षिता वाधवा 98 प्रतिशत, तृतीय अथर्व शेडे 97 प्रतिशत, आर्ची पाँचे 97 प्रतिशत, देवांशी मुरकुटे 97 प्रतिशत, प्राची मातरे 97 प्रतिशत, यावि मातरे 97 प्रतिशत, विश्वांक मरठे 97 प्रतिशत, रिषभ किरमे 97 प्रतिशत, कक्षा 1**st** से प्रथम आरवी घोंगड़े 98.25 प्रतिशत, कुशान्त वाकले 98.25 प्रतिशत, दृतीय काव्या सोमनकर 97 प्रतिशत, परम यादव 97 प्रतिशत, तृतीय रुचिका वाक्ले 96.5 प्रतिशत, प्राची मातरे 96.5 प्रतिशत, देवान्श लिल्हारे 96.5 प्रतिशत, काम्या किरमे 96.5, अदवीका चौरे 96.5 प्रतिशत, कक्षा 1**st (B)** से प्रथम जिज्ञाशा भगत 99.25 प्रतिशत, दृतीय तनवी कड्डे 98 प्रतिशत, नैनशी सोमनकर 98 प्रतिशत, तृतीय साहिल नेवारे 97.5 प्रतिशत, ओजश्वि जामरे 97.5 प्रतिशत, शानवी कावरे 97.5 प्रतिशत, प्रयांशी पंचाले 97.5 प्रतिशत, कक्षा 2 दुसरी से प्रथम हार्दिक लिल्हारे 99.25 प्रतिशत, दृतीय दिव्यानी कोठारे 98.25 प्रतिशत, विरांगना किरमे 98.5 प्रतिशत, नित्या मातरे 98.25 प्रतिशत, तृतीय दीपाली पांचाले 97.5 प्रतिशत, निधि मातरे 97.5 प्रतिशत, नमन पाचे 97.5 प्रतिशत, मिज़ान शेख 97.5 प्रतिशत, कक्षा 3 तृतीय से प्रथम वेदांशी थोटे 99.8 प्रतिशत, दर्षिता पिपरे 99.8 प्रतिशत, रितिका मातरे 99.8 प्रतिशत, श्रृष्टि किरमे 99.8 प्रतिशत, महेक सातपुते 99.8 प्रतिशत, रूबी मातरे 99.8 प्रतिशत, द्वितीय भाव्या खरे 98, आएशा बाहें 98 प्रतिशत, तृतीय सुरभि कावरे 97 प्रतिशत, आरवी जामरे 97 प्रतिशत, अनीश दमाहे 97 प्रतिशत, अक्षत रामटेककर 97 प्रतिशत , शिवांश किरनापुरे 97 प्रतिशत, भव्य राजनीरे 97 प्रतिशत, सीतांशु फुल्लारे 97 प्रतिशत, कक्षा 4 से प्रथम दिव्यांशी लटारे 99.6 प्रतिशत, लावनीश साहू 99.6 प्रतिशत, अन्वी रैंच 99.6 प्रतिशत, रुनित कोठारे 99.6 प्रतिशत, भाविका थोटे 99.6 प्रतिशत, शिवांश चौहान 99.6 प्रतिशत, सदस्योर्मी फुल्लारे 99.6 प्रतिशत, दृतीय स्थान में तन्मय पांडे 98 प्रतिशत, विवेक रामटेककर 98 प्रतिशत, तृतीय मनन कोठारे 94.4 प्रतिशत, भव्य पालेवार 94.4 प्रतिशत, शिवाय सोनवाने 94.4 प्रतिशत, इसी क्रम में कक्षा पांचवी से प्रथम स्थान में राशी लिल्हारे 89 प्रतिशत, दृतीय 82 प्रतिशत, साक्षी मातरे 81.5 प्रतिशत, माही येवले 81.5 प्रतिशत, कक्षा छटवी से प्रथम भावना नागफ़ासे 99.5 प्रतिशत, दृतीय चेष्ठा घोंगडे 97.6 प्रतिशत, तृतीय आंचल देवगड़े 95.8 प्रतिशत, कक्षा सातवीं से प्रथम गुंजन साहू 99.6 प्रतिशत, दृतीय प्रणय फाये 96.5 प्रतिशत, चैतन्नय रामटेक्कर 96.5 प्रतिशत, तृतीय क्षितिज किरमे 93.5 प्रतिशत, पियूष पाचे 93.5 प्रतिशत, कक्षा आठवी पावनी नागफाशे 82 प्रतिशत, दृतीय अनन्या रैंच 81 प्रतिशत, तृतीय सयाली दुरुगकर 80 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया हैञ इन सभी छात्र छात्राओं की सफलता के लिए एवम भविष्य में आगे बडने के लिए विद्यालय के संचालक अविनाश रैंच प्रधान पाठिका श्रीमती योगेश्वरी अविनाश रैंच तथा शाला परिवार की समस्त शिक्षिकाओं की ओर से बधाई प्रेषित करते है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## ब्राइट करियर इंग्लिश स्कूल किरनापुर में परीक्षा परिणाम घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



जगपप्रेरणा किरनापुर।

***तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर मे स्व.श्री रामकुमार जोशी शिक्षा समिति द्वारा संचालित ब्राइट करियर इंग्लिश स्कूल, किरनापुर में दिनांक 02 अप्रैल 2026 को***

वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे माननीय अनिमेष गढ़पाले, जिला परिवहन अधिकारी बालाघाट एवं समस्त अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में माननीय मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भुवन भाऊ राहंगडाले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति किरनापुर ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित गणमान्य अतिथि मुकेश चौहान जिला अध्यक्ष बस एसोसिएशन, योगराज भास्कर सभापति जनपद पंचायत किरनापुर, सी.एल. टेकाम बी. आर. सी. किरनापुर, अरुण पाराशर बी. ए. सी. किरनापुर, हितेश शरणागत, विद्यालय के संचालक शैलेश जोशी, शिव कुमार जोशी सचिव स्व. श्री रामकुमार जोशी शिक्षा समिति, खुमेश अजीत एवं कुंवरसिंह चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को मंच पर बुलाकर प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीता घोड़ेस्वार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।सभी अतिथियों ने समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को उत्कृष्ट परिणाम आने पर बधाईयां प्रेषित की। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया।

### ग्राम पंचायत बुढ़ी जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 04/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुढ़ी जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड ,जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 10/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| श्रीमती द्रोपती मानेश्वर | श्री कृष्ण वाघाड़े | श्री सेवकराम लिल्हारे |

सहा. सचिव -नंदकिशोर कावरे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बुढ़ी जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

### ग्राम पंचायत जानवा जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 04/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जानवा जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड, जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 10/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| श्रीमती सीमा महेशसुलाखे | श्रीमती धनेश्वरी सिहोरे | श्री राजाराम पांचे |

सहा. सचिव -श्री सलीराम लिल्हारे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत जानवा जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

## फिर शराब दुकान स्थान को लेकर चलता रहा विवाद, गुजरी बाजार में मिल सकता है स्थान..







**जगप्रेरणा लांजी।**

लांजी नगर में लांजी ए के नाम से स्वीकृत शराब दुकान के नियत स्थान को लेकर 30 मार्च से विवाद चला आ रहा था जो शनिवार को देर बैठक के उपरांत गुजरी बाजार में ही लगाये जाने निर्णय लिया गया है।

यह दुकान सालेटेकरी मार्ग पर चल रही थी, बिल्डिंग क्षतिग्रस्त होने व आधिपत्य परिवर्तन पर डिस्मेंटल करने के कारण व 1 अप्रैल से ठेका परिवर्तन उपरांत यहां से हटाना पड़ा व अब इस लांजी ए दुकान को नियत स्थान नहीं मिल पा रहा था एवं हर जगह इसका विरोध हो रहा था। पहले भिलाई मार्ग स्थित सिद्धेश्वर मंगल भवन और भारती लॉन के सामने विरोध के बाद अब प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 4 के गुजरी बाजार क्षेत्र को नया विकल्प बनाया। जिसके उपरांत यहां भी सब्जी विक्रेताओं एवं आसपास के रहवासियों का विरोध प्रदर्शन प्रारंभ हो गया।

इनका कहना है कि जहां शराब दुकान खोली जा रही है उससे महज 50 मीटर से भी कम दूरी पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है। इसके एक ओर तालाब तो दूसरी ओर कब्रिस्तान मौजूद हैं, वहीं एक ओर खिलिया मुठिया देव का मंदिर तो दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह मौजूद है। जिसके चलते यहां भी जनआक्रोश फूट पड़ा। सुबह से सब्जी मंडी में लोगों का जमावड़ा होने के उपरांत वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती प्रेमलता संजय खोब्रागढ़े, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद प्रतिनिधि लीलाधर डोलस, जम्मू मरार माली समाज के अध्यक्ष भरत बड़मे एवं सब्जी विक्रेताओं तथा आसपास के लोगों के साथ मिलकर रैली निकालकर नगर परिषद लांजी में ज्ञापन सौंपा। इसके उपरांत सभी लोग विधायक राजकुमार करहि के निवास पर पहुंचकर उसने भेंट की एवं शराब दुकान को अन्यत्र लगाने की मांग की।

### दैनिक गुजरी बाजार में खुलेगी शराब दुकान..

शराब दुकान के लगातार विरोध के बाद क्षेत्रीय विधायक सहित प्रशासनिक अमला, एवं नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद गण, सहित संबधित विभाग ने स्थान चयन को लेकर एक बैठक का आयोजन 4 अप्रैल को शाम 4 बजे से नगर परिषद के सभा गृह में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है शराब दुकान दैनिक गुजरी बाजार स्थल वार्ड क्रमांक 04 में निर्धारित की गई है। प्रशासनिक तौर पर यह तो निश्चित हो गया कि शराब दुकान दैनिक गुजरी स्थल पर संचालित होगी लेकिन खबर यह भी आ रही है कि दैनिक गुजरी स्थल पर सब्जि आदि विक्रेताओं के द्वारा भी उक्त स्थान पर शराब दुकान खोले जाने का पुरजोर विरोध किया जायेगा।

## गौतम परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं को सहेजते हुए गौतम परिवार द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया।***

इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा अमृत का पान किया। भक्तिमय वातावरण में कथा का शुभारंभ 29/03/2026 कलश यात्रा, 30/03/ 2026 पीठ स्थापना संगीतमय कथा, इसके पश्चात प्रतिदिन सुबह 7 बजे से पूजन आरती एवं 11:00 से पुराण पारायण दिनांक05/04/2026 को सुबह 10 बजे से पूजन गीता पाठ एवं 11:30 से भागवत की अंतिम कथा 12:00 से यज्ञ प्रारंभ तथा 1:30 बजे पूर्णाहुति कपिलागाय तर्पन महा आरती महाप्रसाद कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गौतम परिवार द्वारा आयोजित इस कथा के माध्यम से न केवल धार्मिक जागृति का संदेश दिया गया, बल्कि समाज में सुख-शांति और समृद्धि की कामना भी की गई।

कथा का महत्व और प्रसंग कथावाचक ने श्रीमद् भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण की लीलाओं और जीवन के दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और व्यक्ति सत्कर्म की ओर अग्रसर होता है।

सप्ताह पर चले इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब ।





# गेंदबाजों के कमाल के बाद रिजवी की अर्धशतकीय पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियन्स को हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मुकेश कुमार और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी (90) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियन्स को छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर हासिल कर लिया।***

पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ47 गेंदों में नाबाद 70 रन की पारी खेलने वाले रिजवी जब क्रीज पर आए, तब दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था। उन्होंने 51 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा पाथुम निसांका (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 66 रन और चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (नाबाद 21) के साथ 39 गेंदों में 78 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत दिलाई।

मुंबई के लिए दीपक चाहर, मिचेल सैंटनर और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के अस्वस्थ होने के कारण टीम का नेतृत्व कर रहे सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। उन्होंने रोहित शर्मा (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 और नमन धीर (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अहम साझेदारी की।

रोहित ने 26 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, तो वहीं नमन ने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें अक्षर (22 रन पर एक विकेट), लुंगी एनगिडी (34 रन पर एक विकेट), विपराज निगम (24 रन पर एक विकेट) और टी. नटराजन (24 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल (एक) पहले ओवर में ही दीपक चाहर की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे, तो वहीं अगले ओवर में नीतिश राणा खाता खोले बगैर जसप्रीत बुमराह के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए।



चाहर इस बीच अपनी ही गेंद पर निसांका के करारे प्रहार को लपकने में नाकाम रहे और श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने जीवनदान का जश्न अगले ओवर में सैंटनर के खिलाफदो चौकों के साथ मनाया। वहीं, पिछले मैच में मैच जिताऊ पारी खेलने वाले समीर रिजवी ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की।

दिल्ली ने पावरप्ले में दो विकेट पर 42 रन बनाए, जबकि आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा हुआ। बोश की गेंद पर नमन ने निसंका का मुश्किल कैच टपका दिया और रिजवी ने अगली गेंद पर शानदार छक्का जड़कर मुंबई के जख्मों पर नमक छिड़का। उन्होंने अगले ओवर में सैंटनर का स्वागत चौके से किया, लेकिन न्यूजीलैंड के इस अनुभवी गेंदबाज ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए निसांका की पारी पर विराम लगा दिया।

रिजवी ने बोश के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े, जिनमें विकेटकीपर के ऊपर से लगाया गया उनका रैंप शॉट दिलकश था। उन्होंने ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर मुंबई के गेंदबाजों द्वारा कायम दबाव को खत्म किया। दिल्ली ने पारी के इस 11वें ओवर से 20 रन बटोरे। रिजवी ने मार्कंडेय के खिलाफ कवर क्षेत्र के ऊपर से छक्का लगाकर 31 गेंदों में अपना अर्धशतक और दिल्ली के रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने अगली गेंद पर कदमों का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट के ऊपर से गेंद को दर्शकों के पास भेज दिया।

पिछले दो ओवर में 34 रन लुटाने के बाद सूर्यकुमार ने गेंद बुमराह को थमाई और इस अनुभवी गेंदबाज ने सिर्फ एक रन खर्च कर कप्तान के फैसले को सही साबित किया। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अन्य गेंदबाजों का अच्छा साथ नहीं मिला। रिजवी ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए चाहर और ठाकुर के खिलाफ आसानी से छक्के-चौके जड़े, जिससे आखिरी पांच ओवर में टीम को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की जरूरत रह गई। अब तक संभलकर खेल रहे मिलर ने बुमराह के खिलाफ दो चौके लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। रिजवी 17वें ओवर में बोश की गेंद पर तिलक वर्मा द्वारा लपके गए। वह शतक से चूक गए, लेकिन टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर आउट हुए।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर रिकेल्टन (नौ) ने मुकेश का स्वागत चौके से किया, जबकि दूसरे ओवर में रोहित के स्ट्राइक पर आते ही मैदान में रोहित-रोहित के नारे गूंजने लगे। भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने एनगिडी के खिलाफशुरुआती तीन गेंदों में चौके लगाकर दर्शकों के जोश को बढ़ा दिया।

मुकेश ने ओवर में दो विकेट झटककर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई। उन्होंने शानदार लय में चल रहे रिकेल्टन को पवेलियन भेजने के बाद अपनी ही गेंद पर तिलक वर्मा (शून्य) का शानदार कैच लपका। सूर्यकुमार ने पहली गेंद पर ही चौके से खाता खोला, लेकिन दिल्ली के गेंदबाज इसके बाद रनगति पर अंकुश लगाने में सफल रहे।

रोहित ने निगम के खिलाफ, तो सूर्यकुमार ने अक्षर के खिलाफ छक्के लगाकर रनगति बढ़ाने की कोशिश की। रोहित एक और करारा प्रहार करने की कोशिश में अक्षर की गेंद पर कवर क्षेत्र में नीतिश राणा द्वारा शानदार तरीके से लपके गए। अक्षर ने आईपीएल में रोहित के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को मजबूत करते हुए 11 पारियों में उन्हें चौथी बार आउट किया।

दूसरे छोर से निगम ने शेरफेन रदरफोर्ड (पांच) को खतरनाक होने से पहले ही पवेलियन की राह दिखा दी। क्रीज पर आए नमन ने नटराजन के खिलाफचौके से हाथ खोला, तो वहीं सूर्यकुमार के एक रन से 14 ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा हुआ। सूर्यकुमार और नमन ने कुलदीप के खिलाफ एक-एक छक्का लगाया, जिससे 15वें ओवर में मुंबई ने 17 रन बटोरे। सूर्यकुमार यादव ने एनगिडी के खिलाफ दो रन चुराकर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली गेंद पर पगबाधा हो गए।

मिचेल सैंटनर (नाबाद 18) और नमन ने नटराजन के खिलाफ चौके जड़े, लेकिन टीम रन गति को बढ़ाने के लिए संघर्ष करती रही। बोश (नाबाद 11) ने अंतिम ओवर में मुकेश के खिलाफ आखिरी दो गेंदों पर चौके जड़कर टीम को 160 रन के पार पहुंचाया।

# ऐश्वर्या राय संग रेड कार्पेट पर चलने से डरते हैं अभिषेक बच्चन, खुद बताई वजह, बोले- 'ये सबसे बड़ा टास्क है'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बी-टाउन के सबसे चर्चित कपल्स में से हैं। यूं तो दोनों ही अपनी पर्सनल लाइफको लाइमलाइट से दूर रखना पसंद करते हैं, लेकिन फिर भी फैंस की नजरें हमेशा इन पर टिकी रहती हैं। पिछले दिनों लगातार दोनों के बीच अनबन की अफवाहें जोरों पर रहीं।***

सोशल मीडिया पर दोनों के कई वीडियो भी सामने आए, जिसमें दोनों एक ही इवेंट को अलग-अलग अटेंड करते दिखे। हालांकि, बाद में दोनों को साथ देखकर इनके फैंस ने राहत की सांस ली। इस बीच अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। इसी दौरान उन्होंने ये भी खुलासा किया कि उन्हें अपनी पत्नी यानी ऐश्वर्या के साथ रेड कार्पेट पर चलने से डर लगता है।

## ऐश्वर्या संग रेड कार्पेट पर चलने से डरते हैं अभिषेक..

अभिषेक बच्चन ने हाल ही में लिली सिंह के साथ बातचीत में अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में भी बात की। इसी दौरान उन्होंने बताया कि आखिर वह रेड कार्पेट पर पहुंचते ही इतने सीरियस क्यों हो जाते हैं।



बातचीत के दौरान अभिषेक कहते हैं कि उन्हें ऐश्वर्या के साथ रेड कार्पेट पर चलने से डर लगता है, क्योंकि उन्हें ऐश्वर्या के बगल में खड़े होना सबसे बड़ा टास्क लगता है। जूनियर बच्चन के अनुसार, उन्हें रेड कार्पेट पर पहुंचने के बाद समझ ही नहीं आता कि अब उन्हें क्या करना है और कैसे पोज देना है।

## फोटोग्राफर्स को देखकर परेशान हो जाते हैं अभिषेक बच्चन..

अभिषेक बच्चन कहते हैं कि ऐश्वर्या के साथ रेड कार्पेट पर खड़े होने के बाद वह खुद को लकड़ी के टुकड़े जैसा महसूस करने लगते हैं और फोटोग्राफर्स को देखकर परेशान हो जाते हैं। अभिषेक कहते हैं- 'आपने मेरी वाइफको देखा है? रेड कार्पेट पर उन्हें पोज करते देखा है? रेड कार्पेट पर चलना मेरे लिए बहुत मुश्किल काम है, बस यही बात है। और अगर उनके साथ रेड कार्पेट पर चलना पड़े तो ये और भी डरावना हो जाता है।

उन्हें पता है कि कैसे चलना है, कैसे पोज करना है, कहां देखना है, वो प्रोफेशनल हैं।'

## बताया कैसा महसूस करते हैं..

अभिषेक कहते हैं- 'रेड कार्पेट पर पहुंचते ही मैं किसी लकड़ी के टुकड़े जैसा महसूस करने लगता हूं। समझ ही नहीं आता कि कहां देखूं, क्या करूं, हाथ पॉकेट में डालूं या बाहर रखूं? मैं अनकम्फर्टेबल हो जाता हूं। यही वजह है कि हमेशा फोटोग्राफर्स कहते रहते हैं- सर स्माइल प्लीज। एक बार तो एक फोटोग्राफर मेरे एक्सप्रेशन देखकर पूछने लगा- सर, हमसे कोई गलती हुई है क्या? आप नाराज क्यों हैं? तब मैंने कहा- ओह सॉरी।'

# परिणीति चोपड़ा नहीं उनके भाई थे राघव चड्ढा के दीवाने, पहली ही मुलाकात में बना लिया था शादी का मन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा बीते कुछ समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा इन दिनों अपनी ही पार्टी के वर्ताव से दुखी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि परिणीति से पहले उनके भाई राघव के दीवाने हुए करते थे।***

इतना ही नहीं भाई के कहने के बाद ही परिणीति ने राघव से मुलाकात की थी। इसके बाद पहली मुलाकात में परिणीति ने ये तय कर लिया था कि वे राघव से ही शादी करने वाली हैं।

## परिणीति ने खुद किया था खुलासा

परिणीति और राघव की जोड़ी किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं है। दोनों अक्सर ही साथ में ईवेंट्स में नजर भी आते रहते हैं। खास बात है कि दोनों की मुलाकात और लवस्टोरी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बीते दिनों कपिल शर्मा शो में परिणीति ने इस बात का जिक्र किया था कि कैसे उनकी मुलाकात राघव से हुई थी। इसके बाद दोनों की दोस्ती हुई और दोस्ती प्यार में बदल गई थी। लेकिन परिणीति को पहली ही नजर में राघव से शादी करने का मन हो गया था।



परिणीति ने बताया था, 'मेरे दोनों भाई राघव के बड़े फैन थे और हम एक बार साथ में थे। वहीं राघव का पास में एक सेमिनार था जिसे अटैंड करने आए थे। जब मेरे भाइयों ने इनकी तारीफकी तो मुझे मिलना पड़ा। फिर जाकर मिली और पहली ही मुलाकात में मुझे लग गया था कि मैं शायद शादी इन्ही से करूंगी।' दोनों बीते साल 2025 में 19 अक्तूबर को पेरेंट्स भी बन गए हैं और बेटे का जन्म हुआ था। दोनों ने 24 सितंबर 2024 को शादी रचाई थी।

## टॉक शो लेकर आ रही परिणीति..

परिणीति चोपड़ा एक चैट शो 'मॉम टॉक्स' लेकर आ रही हैं। शनिवार को परिणीति ने इंस्टाग्राम पर एक आकर्षक ट्रेलर के साथ शो की घोषणा की। प्रोमो में मातृत्व पर अंतरंग और दिल को छू लेने वाली बातचीत का वादा किया गया है, जिसमें नेहा धूपिया, विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर, इमरान खान, गौहर खान और जैद दरबार, और दिशा परमार सहित कई सितारे परिणीति के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव और विचार साझा करेंगे। शो की घोषणा से परिणीति के परिवार, दोस्त और प्रशंसक उत्साहित हैं।

ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए परिणीति के पति और राजनेता राघव चड्ढा ने टिप्पणी की, 'बहुत गर्व है! बधाई हो। हमेशा आपके साथ हूं।' अभिनेता वरुण धवन ने कमेंट सेक्शन में ताली बजाने वाला इमोजी डाला। 'मॉम टॉक्स' जल्द ही **ZEE5** पर आएगा।

# पायल ने शीतल को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण जीता, भारत बैंकॉक पैरा तीरंदाजी में शीर्ष पर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुकी युवा तीरंदाज पायल नाग ने यहां विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में बड़ा उलटफेर करते हुए हमवतन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की जिसमें देश ने कुल सात स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया।***

अठारह साल की उभरती हुई तीरंदाज पायल ने कंपाउंड महिला वर्ग के फाइनल में 139-136 से जीत हासिल की। भारत के लिए अभियान यादगार रहा जिसमें देश ने पांच रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। पायल की यह एक साल से थोड़े ज्यादा समय में शीतल पर दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2025 में जयपुर में हुए पैरा राष्ट्रीय खेलों में भी शीतल को हराया था।

दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों में पदार्पण करने के बाद पायल अपने दूसरे ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने दबाव के बावजूद जबरदस्त संयम दिखाते हुए अपने से ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी को मात दी। पायल ने एक परफेक्ट '10' के साथ शुरुआत की और पहला दौर 27-25 से अपने नाम किया। इसके बाद शीतल ने वापसी करते हुए मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।

दूसरे दौर के बाद स्कोर 54-54 से बराबर था। तीसरे दौर में पायल ने अपने खेल का स्तर और ऊंचा करते हुए दो बार '9' और एक बार '10' का निशाना लगाते हुए 82-80 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने आखिरी दौर में दो बार '10' का सटीक निशाना लगाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।



शीतल के बचपन के कोच कुलदीप वेदवान से प्रशिक्षण लेने वाली पायल की अब तक की यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं रही है। ओडिशा के बोलांगीर जिले के एक प्रवासी मजदूर की बेटी पायल ने 2015 में ईंट-भट्ठे पर बिजली के एक नंगे तार के संपर्क में आने के बाद अपने दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा दिए थे। उन्होंने 2023-24 के दौरान कटरा स्थित माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड खेल परिसर में शीतल के साथ ही ट्रेनिंग की थी। इसके बाद शीतल सोनीपत चली गई थीं।

बिना हाथों वाली शीतल भारत की सबसे ज्यादा पदक जीतने वाली पैरा तीरंदाज बन गई हैं। उन्होंने 2022 में एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते और पेरिस 2024 में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतकर भारत की सबसे कम उम्र की पैरालंपिक पदक विजेता बन गईं।

पायल ने 2025 में राष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद से काफी प्रगति की है। जयपुर में शीतल को हराने के अलावा उन्होंने खेलो इंडिया पैरा खेलों में रजत पदक जीता और इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वालीफायर में वह शीतल से पीछे रही थीं। भारत के लिए तोमन कुमार और भावना ने भी अपनी स्पर्धाओं में पहला स्थान हासिल किया।

तोमन ने कंपाउंड पुरुषों के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोनाथन मिल्ने को 146-142 से हराया जबकि भावना ने रिकर्व महिलाओं के फाइनल में थाईलैंड की फत्थराफोन पट्टावेओ को 6-0 से मात दी। दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता हरविंदर सिंह को रिकर्व फाइनल में इंडोनेशिया के खोलिडिन से 3-7 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

वहीं स्वाति चौधरी ने भी रजत पदक जीता। उन्हें डब्ल्यू1 महिलाओं के स्वर्ण पदक मैच में दक्षिण कोरिया की ओके ग्यूम किम से 3-7 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले श्याम सुंदर स्वामी ने अपने सीनियर साथी खिलाड़ी और पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता राकेश कुमार को कड़े मुकाबले वाले प्लेऑफमें हराकर कांस्य पदक जीता।

पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में स्वामी प्लेऑफ में 10-9 से विजयी रहे। इससे पहले दोनों खिलाड़ियों ने समान 143 अंक बनाए थे और इसलिए टाईब्रेक का सहारा लेना पड़ा। पेरिस पैरालंपिक्स में मिश्रित टीम के कांस्य पदक विजेता राकेश ने टाईब्रेक में हार के कारण चौथे स्थान पर रहकर अपना अभियान समाप्त किया। महिला वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में अंजुम तनवार भी दक्षिण कोरिया की प्रतिद्वंदी के खिलाफ कांस्य पदक मैच में 2-6 से हारने के बाद चौथे स्थान पर रहीं।

बैंकॉक में हाल में इसी स्थान पर खेले गए एशिया कप के पहले चरण में भारत ने दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य सहित 10 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# सोनम कपूर ने शेयर की पहली फोटो, नन्हे बेटे को कलेजे से चिपकाए आईं नजर, चेहरे पर दिखा सुकून और खुशी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सोनम कपूर हाल ही में दूसरी बार मां बनी हैं। एक्ट्रेस ने 29 मार्च को अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया, जिसके बाद से ही एक्ट्रेस को बधाई देने वालों का तांता लगा है। फैंस से लेकर सेलिब्रिटी दोस्त तक, हर कोई सोनम को दूसरी बार मां बनने पर बधाई दे रहे हैं। अब सोनम कपूर ने अपने नन्हे बेटे की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है।***

सोनम कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपने नन्हें बेटे के साथ दिल जीतने वाली फोटो शेयर की है। फोटो में सोनम अपने नन्हे बेटे को कलेजे से लगाए नजर आ रही हैं और इसके साथ उन्होंने एक लंबा-चौड़ा कैप्शन भी लिखा है।

## सोनम ने शेयर की दूसरे बेटे की पहली झलक..

सोनम कपूर ने दूसरी बार मां बनने के 5 दिन बाद अपने दूसरे बेटे की पहली झलक फैंस के साथ शेयर की है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर 2 फोटोज शेयर की हैं, जिनमें से एक में वह अपने बेटे को कलेजे से लगाए नजर आ रही हैं। उनके हाथ में आईवी ड्रिप लगी है उनके चेहरे पर सुकून और खुशी साफ देखी जा सकती है। वहीं दूसरी तस्वीर में सोनम खाना खाती नजर आ रही हैं।



## सोनम का कैप्शन..

सोनम कपूर ने ये फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'शब्दों में बयां नहीं कर सकती कि मैं कितनी आभारी हूं। अपने दूसरे बेटे के जन्म के इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए एचएन रिलायंस अस्पताल को दिल से धन्यवाद। यह सचमुच हर मायने में असाधारण रहा। मेरी डॉक्टर को विशेष धन्यवाद, जिन्होंने मेरी दोनों प्रेग्नेंसी के दौरान मेरा मार्गदर्शन किया। उनकी देखभाल में विश्वास, शांति और आश्वासन का भाव है, जो बहुत कम देखने को मिलता है और मैं उनके सहयोग के लिए आभारी हूं। पूरी टीम को धन्यवाद। सोनम और आनंद।'

## सोनम कपूर और आनंद आहुजा का रिश्ता..

बता दें, सोनम कपूर और आनंद आहुजा 2018 में शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों की पहली मुलाकात 2015 में 'प्रेम रतन धन पायो' के प्रमोशन के दौरान हुई थी। लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी कर ली और 2022 में सोनम ने अपने पहले बेटे को जन्म दिया,

जिसका नाम उन्होंने वायु रखा है। वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनम लंबे समय से फिल्मी पर्दे से दूर हैं। आखिरी बार वह 2023 में 'ब्लाइंड' में नजर आई थीं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# पश्चिम एशिया संकट लंबा चला तो भारत का वैश्विक निर्यात प्रभावित होगा: अधिकारी..



**हैदराबाद, (भाषा)।**

***केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि यदि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष जारी रहा, तो इसका असर भारत के अन्य देशों को होने वाले निर्यात पर भी पड़ेगा। 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि' के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन***

में अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले महीने आयात और निर्यात दोनों पर निश्चित रूप से प्रभाव पड़ा, क्योंकि ऊर्जा भारतीय आयात बाजार का एक प्रमुख हिस्सा है।

अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, ÷पश्चिम एशिया भी एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे निर्यात का लगभग 12-13 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र में जाता है। इसलिए, इस पर सीधा असर पड़ेगा। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो संभवतः दुनिया के अन्य हिस्सों में होने वाले हमारे निर्यात भी प्रभावित होंगे क्योंकि कुछ मूल्य श्रृंखलाएं फिर से सामान्य स्थिति में आ जाएंगी। हम इस बात से अवगत हैं।÷ एक सवाल का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि इस संकट का वास्तविक प्रभाव आने वाले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार कोशिश कर रही है कि आपूर्ति श्रृंखला पर कम से कम असर पड़े, हालांकि आयात और निर्यात दोनों में कुछ कमी आ सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि भले ही युद्ध समाप्त हो जाए, लेकिन इसका असर कुछ महीनों या वर्षों तक बना रह सकता है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन-सी आपूर्ति श्रृंखला या ढांचा प्रभावित हुआ है। अग्रवाल के अनुसार, इन चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने बताया कि दवा क्षेत्र पर भी कुछ असर पड़ा है, खासकर जरूरी कच्चे माल और रसायनों की आपूर्ति पर।

उन्होंने कहा कि सरकार एलपीजी की सीमित उपलब्धता को प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में बांटने के लिए काम कर रही है और जरूरत पड़ने पर अन्य स्रोतों से आयात भी किया जा रहा है।

# होर्मुज व्यवधान के बीच सरकार की घबराहट में खरीदारी न करने की अपील, ईंधन पर्याप्त



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सरकार ने शनिवार को नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से जुड़े व्यवधानों के बावजूद ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त है और स्थिति नियंत्रण में है।***

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और ऊर्जा की बचत करने की सलाह दी गई है।

सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दी है, खासकर घरों, अस्पतालों और आवश्यक सेवाओं के लिए। मांग को संतुलित करने और आपूर्ति बढ़ाने के लिए रिफाइनरियों का उत्पादन बढ़ाया गया है और गैस सिलेंडर भरवाने के बीच का अंतराल भी बढ़ाया गया है।

जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है। अब तक 3,700 से अधिक छापेमारी की गई है, एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें से अब तक 27 डीलरों को निलंबित किया जा चुका है।

वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को पहले के स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि केरोसिन (मिट्टी का तेल) और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है ताकि दबाव कम किया जा सके।

प्राकृतिक गैस के मामले में घरों और परिवहन क्षेत्र को पूरी आपूर्ति दी जा रही है, जबकि उद्योग और उर्वरक क्षेत्रों के लिए आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है।

मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और देशभर के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। बढ़ती वैश्विक कीमतों से राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और निर्यात पर शुल्क लगाया है।

इसी बीच लगभग आधे दिन की खाना पकाने की गैस की आपूर्ति ले जा रहा एक भारतीय एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर चुका है, जबकि ईरान का एक अन्य जहाज मंगलौर बंदरगाह पर पहुंच गया है।

सरकार ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि 'ग्रीन सानवी' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस और 25 नाविकों के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है।

ग्रीन सानवी इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाला सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर है।

यह जलडमरूमध्य 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद से लगभग बंद जैसी स्थिति में है, जिससे जहाजों की आवाजाही काफी प्रभावित हुई है।

अलग से, बयान में कहा गया कि ईरान से रसोई गैस लेकर आया एक जहाज मंगलौर बंदरगाह पहुंच चुका है और उससे गैस उतारी जा रही है।

संभवतः पिछले सात वर्षों में यह ईरान से ऊर्जा की पहली खरीद है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि 'सी बर्ड' नामक एलपीजी जहाज, जो लगभग 44,000 टन ईरानी रसोई गैस लेकर आया है, दो अप्रैल को मंगलौरु बंदरगाह पर पहुंचा और फिलहाल उससे गैस उतारी जा रही है।

यह खरीद ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका ने हाल ही में ईरान के तेल और उससे जुड़े उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंधों में अस्थायी छूट दी है, ताकि पश्चिम एशिया संकट के बीच बढ़ती कीमतों को नियंत्रित किया जा सके।

'ग्रीन सानवी' के गुजरने के बाद भी 17 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं।

# पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से बीकानेर का नमकीन निर्यात प्रभावित



**जयपुर, (भाषा)।**

***पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर अब बीकानेर इलाके के निर्यातकों पर भी पड़ने लगा है। व्यापारियों को इस संघर्ष के कारण खाड़ी और यूरोपीय देशों में भुजिया, पापड़ और मसालों जैसा सामान भेजने में भारी रुकावट आ रही है।***

बीकानेर अपने नमकीन उत्पादों के लिए विख्यात है और यहां से खाड़ी व यूरोप के देशों में बड़ी मात्रा में नमकीन, मसाले और दूसरे सामान निर्यात होते हैं। हालांकि निर्यातकों ने बताया कि युद्ध की वजह से सामान भेजने में देरी हो रही है। साथ ही माल ढुलाई की लागत बढ़ी है तो कंटेनरों की कमी है। इसका असर निर्यात व आयात दोनों पर दिखने लगा है। भीखाराम ग्रुप से जुड़े नमकीन कारोबारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि कच्चे माल और ढुलाई आदि की बढ़ती लागत से उद्योग को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा, ÷युद्ध की वजह से माल भाड़े में भारी बढ़ोतरी हुई है और कच्चे माल की कीमतें भी बढ़ रही हैं।' उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने में खाद्य तेल की कीमत में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ रहा है।÷

निर्यातकों के अनुसार कंटेनरों का आवागम काफी धीमा हुआ है। जो खेप पहले लगभग 30 दिन में पहुंच जाती थी उसमें अब 60 दिन तक का समय लग रहा है क्योंकि युद्ध के चलते उसे लंबे और सुरक्षित रास्तों से भेजा जा रहा है।

एक निर्यातक राजेश जिंदल ने कहा कि आने वाले और जाने वाले... दोनों तरह के माल की खेप में देरी हो रही है। इससे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ÷आने वाला और जाने वाला, दोनों तरह का माल देर से पहुंच रहा है और लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है। अरब देशों में बीकानेरी नमकीन (स्नैक्स) और मसालों की मांग अब भी काफी ज़्यादा है, लेकिन आपूर्ति ढांचे में आई रुकावटों की वजह से नुकसान हो रहा है।÷

व्यापारियों ने बताया कि निर्यात के साथ साथ पाम ऑयल और सोयाबीन जैसे जरूरी कच्चे माल के आयात पर भी असर पड़ा है। पेट्रोलियम की बढ़ती कीमतों से पैकेजिंग की लागत को 30-40 प्रतिशत तक बढ़ी है जिससे जिससे निर्माताओं के लिए लागत अधिक आ रही है। निर्यातकों ने कहा कि यह समय नमकीन के व्यापार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि निर्यात के 'व्यस्ततम समय' के लिए तैयारियां आमतौर पर इसी समय शुरू हो जाती हैं। उत्पादों की आपूर्ति के समय को लेकर बनी अनिश्चितता और बढ़े माल भाड़े की वजह से व्यापारी अपनी रणनीति पर पुनर्विचार को मजबूर हैं। उद्योग जगत के अनुमानों के अनुसार बीकानेर से हर महीने भुजिया, पापड़ और नमकीन के 15 से 20 कंटेनर निर्यात किए जाते हैं। दूसरे सामान के लगभग 60 कंटेनर भी बाहर भेजे जाते हैं। फिलहाल इस व्यापार का एक बड़ा हिस्सा रुक गया है। बताया जा रहा है कि करोड़ों रुपये की खेप बंदरगाहों पर या रास्ते में अटकी हुई हैं।

# भारत का दवा निर्यात 2025-26 में फरवरी तक 28 अरब डॉलर के पार, पांच प्रतिशत से अधिक वृद्धि..



**हैदराबाद, (भाषा)।**

***भारत का दवा निर्यात पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा। भारतीय दवा निर्यात संवर्धन***

परिषद के महानिदेशक के राजा भानु ने कहा कि वर्तमान में लगभग 60 अरब डॉलर वाले इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने 'चिंतन शिविरः औषधि निर्यात में वृद्धि' के उद्घाटन सत्र में कहा, ÷वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दवा निर्यात ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान निर्यात 28.29 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5.6 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि में तैयार दवाएं, जैविक उत्पाद, टीके और आयुष उत्पादों का प्रमुख योगदान रहा।÷

भानु ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में दवा निर्यात 30.47 अरब डॉलर रहा, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि उस समय वैश्विक कीमतों का दबाव और व्यापार में उतार-चढ़ाव बना हुआ था।

भविष्य की योजना के बारे में भानु ने कहा कि वर्ष 2030 तक 65 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए नीतियों को प्राथमिकता देना, पारंपरिक बाजारों से आगे नए बाजारों में विस्तार करना, विदेशी निवेश बढ़ाना और नियमों की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि दवा उत्पादन के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है और उसका निर्यात 200 से अधिक देशों तक पहुंचता है। भारत के 60 प्रतिशत से अधिक दवा निर्यात कड़े नियमों वाले बाजारों में होता है, जो इस उद्योग की गुणवत्ता और मानकों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत और यूरोप की 19 प्रतिशत है।

# कैग ने जम्मू-कश्मीर में बजटीय उल्लंघनों को चिह्नित किया..




**जम्मू, (भाषा)।**

***भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने जम्मू और कश्मीर में वित्तीय प्रबंधन के उल्लंघनों को उजागर किया है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न विभागों***

द्वारा 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत राशि को निर्धारित बजटीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए वापस नहीं किया गया। कैग ने जम्मू-कश्मीर में वित्तीय प्रबंधन सुधारने के लिए सुधारात्मक उपायों की सिफारिश की है और वास्तविकता पर आधारित बजट बनाने तथा खर्च पर कड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत पर जोर दिया है। जम्मू और कश्मीर बजट निर्देशों के अनुसार विभागों को बची हुई राशि वित्त विभाग को वापस करनी होती है।

कैग ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष की रिपोर्ट में कहा, ''यह देखा गया कि 36 अनुदानों और दो विनियोगों के तहत प्रत्येक मामले में एक करोड़ रुपये से अधिक की बची राशि, जो कुल मिलाकर 34,917.96 करोड़ रुपये (32.99 प्रतिशत) थी, वापस नहीं की गई।''

लेखा परीक्षा में आगे कहा गया कि कुल 1,04,178.32 करोड़ रुपये के अनुदान विनियोग के मुकाबले, 36 अनुदानों में वास्तविक व्यय 69,260.36 करोड़ रुपये रहा। इसके चलते 34,917.96 करोड़ रुपये की राशि बच गई। कैग के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान व्यय के लिए कुल प्रावधान 1,57,212.90 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया कि इस दौरान वास्तविक कुल व्यय 1,26,054.97 करोड़ रुपये (80.18 प्रतिशत) था। इसके चलते 31,157.93 करोड़ रुपये बच गए, जिसे जिसे वापस नहीं किया गया। कैग ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कुल व्यय, कुल अनुदान और विनियोग से लगभग 20 प्रतिशत कम रहा।

दैनिक जगप्रेरणा मे
समाचार एवं विज्ञापनो
के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433

## वेणु श्रीनिवासन ने बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन से इस्तीफा दिया



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी और अनुभवी उद्योगपति वेणु श्रीनिवासन ने बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

हालांकि, उन्होंने टाटा ट्रस्ट की इस छोटी ईकाई से अपने इस्तीफे के पीछे अन्य व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं का हवाला दिया, लेकिन यह घटनाक्रम टाटा ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री द्वारा दी गई चुनौती के बाद सामने आया है। श्रीनिवासन और टाटा ट्रस्ट से इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं मिल सकी है।

मिस्त्री ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के पास एक शिकायत दर्ज कराकर बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन के बोर्ड में वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह की नियुक्तियों को चुनौती दी थी।

उन्होंने दावा किया कि श्रीनिवासन और सिंह ट्रस्ट डीड में निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। मिस्त्री का मुख्य तर्क डीड में अनिवार्य उन विशिष्ट शर्तों को लेकर था, जिनमें पारसी जरथुस्त्र धर्म का पालन और मुंबई में निवास की आवश्यकताएं शामिल हैं।

पिछले साल टाटा ट्रस्ट्स अपने ट्रस्टियों के बीच आपसी कलह से हिल गया था। यह मामला सरकार तक पहुंच गया, जिसमें नोएल टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन सहित टाटा समूह के शीर्ष नेतृत्व ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी।

इसके बाद भारत की अर्थव्यवस्था में टाटा समूह के महत्व को देखते हुए, सरकार ने ट्रस्टों को मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने और अपने मतभेदों को सार्वजनिक रूप से बाहर न आने देने के लिए कहा था।

# हिमाचल: दूध उत्पादकों को प्रति माह 34.18 करोड़ रुपये का लाभ मिल रहा



**शिमला, (भाषा)।**

हिमाचल प्रदेश में दूध उत्पादक किसानों को अब हर महीने औसतन 34.18 करोड़ रुपये का लाभ मिल रहा है, जो अब तक का सबसे अधिक है। सरकार के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यहां एक बयान में यह बात कही। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य दुग्ध संघ किसानों से प्रतिदिन लगभग 2.70 लाख लीटर दूध खरीद रहा है।

सरकार के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य दुग्ध संघ किसानों से प्रतिदिन औसतन 1.57 लाख लीटर दूध खरीद रहा था। दुग्ध संघ किसानों के घर तक पहुंचकर दूध संग्रह कर रहा है, जिससे दूरदराज के छोटे और सीमांत किसानों को विशेष लाभ मिल रहा है।

सरकार ने पिछले तीन वर्षों में दूध के खरीद मूल्य में लगातार बढ़ोतरी की है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में गाय के दूध का मूल्य 61 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध का 71 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया है। दुग्ध क्षेत्र में किए गए सुधारों के कारण गांवों में दुग्ध समितियों से जुड़ने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। पिछले तीन वर्षों में यह संख्या 27,498 से बढ़कर 39,790 हो गई है, जबकि सक्रिय दुग्ध सहकारी समितियां 583 से बढ़कर 758 हो गई हैं।

सरकार दूध उत्पादक समूहों और महिला स्वयं सहायता समूहों को भी बढ़ावा दे रही है। इससे दूध उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के स्थायी अवसर भी पैदा हो रहे हैं।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# यूपी से रूस जाकर पुतिन की सेना में भर्ती हुए युवक की गोली लगने से मौत, शव गांव पहुंचने पर मचा कोहराम!



डेस्क जगप्रेरणा।

*यूपी के रामपुर जिले में शावेद का शव पहुंचने से माहौल गमगीन हो गया। दरअसल, मसवासी गांव के 22 साल के युवक शावेद की रूस में गोली लगने से मौत हो गई थी।*

शनिवार तड़के उसका शव दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से परिजन उसे लेकर गांव आए। शव के घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### शावेद 9 महीने पहले रोजगार की खोज में गया था रूस..

परिजनों के अनुसार, शावेद करीब 9 महीने पहले बेहतर कमाई की उम्मीद में रूस गया था। उसने घरवालों को बताया था कि वहां वह स्टील फर्नीचर बनाने का काम करेगा। शुरुआती दो महीनों तक उसने यही काम किया भी, जिससे परिवार को आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद जगी थी।

लेकिन बाद में परिस्थितियां बदल गईं और उसे मजबूरी में रूस की सेना में शामिल होना पड़ा। इसी दौरान, वह गोलीबारी की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

### शावेद पर था परिवार की जिम्मेदारियों का बोझ..

शावेद अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसने इंटरमीडिएट तक पढ़ाई की और कम उम्र में ही घर की जिम्मेदारियां संभाल ली थीं। उसका छोटा भाई नावेद मानसिक रूप से अस्वस्थ है, जबकि बहन इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रही है। पिता दूल्हे हसन, दूध का छोटा कारोबार कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। ऐसे में शावेद का विदेश जाना परिवार के लिए आर्थिक सहारा बनने की उम्मीद लेकर आया था, लेकिन उसकी असामयिक मौत ने सभी सपनों को चकनाचूर कर दिया।

### पिछले साल सितंबर में हो चुकी थी मौत..

इस घटना का सबसे दुखद पहलू यह है कि शावेद की मौत 12 सितंबर 2025 को ही हो चुकी थी, लेकिन इसकी जानकारी परिवार को कई महीनों बाद मिली। परिजनों ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 को एक फोन कॉल आया, जिसमें खुद को रूसी सेना का अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने शावेद की मौत की सूचना दी। इससे पहले परिवार लगातार उससे संपर्क करने की कोशिश करता रहा, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।


### विदेश मंत्रालय से भी लगाई थी गुहार..

शावेद के परिजनों ने 6 जनवरी 2026 को स्थानीय सांसद के माध्यम से भारत सरकार के विदेश मंत्रालय को पत्र भेजकर मदद की गुहार लगाई थी। हालांकि, उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला था। इसको लेकर परिजनों में नाराजगी भी देखी जा रही है। शनिवार को जब शावेद का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। हर आंख नम थी और माहौल बेहद भावुक हो गया। फिलहाल, शावेद की मौत ने न सिर्फ उसके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# रूस और यूक्रेन ने एक दूसरे पर ड्रोन हमले किये, 10 लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*रूस और यूक्रेन द्वारा शुक्रवार रात और शनिवार सुबह एक दूसरे के ठिकानों को निशाना बनाकर किये हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए जबकि कई अन्य घायल हो गए। दोनों देशों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।*



रूस द्वारा ये हमले ऐसे समय किये गए हैं, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की तुर्किये के अपने समकक्ष रजब तैय्यब एर्दोआन के साथ वार्ता के लिए इस्तांबुल की यात्रा पर हैं। जेलेंस्की का 'ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स क्रिश्चियन' के आध्यात्मिक नेता, इक्यूमेनिकल पैट्रिआर्क बार्थोलोम्यू से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

जेलेंस्की ने इस्तांबुल पहुंचने के बाद मैसेजिंग ऐप 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा, 'हम यूरोप और पश्चिम एशिया में जीवन की वास्तविक सुरक्षा सुनिश्चित करने, स्थिरता को बढ़ावा देने और सुरक्षा की गारंटी देने के लिए अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। संयुक्त प्रयास हमेशा सर्वोत्तम परिणाम देते हैं।' यूक्रेन की वायु सेना ने एक ऑनलाइन बयान में कहा कि रूस ने शुक्रवार की रात को 286 ड्रोन हमले किये, जिनमें से 260 को मार गिराया गया। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेक्सांद्र हंझा ने बताया कि निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र के निकोपोल शहर में तीन महिलाओं और दो पुरुषों सहित पांच लोग मारे गए, जबकि 14 किशोरी सहित 19 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि रूस की सीमा से कुछ ही दूरी पर स्थित सूमी शहर में हुए हमले में 15 वर्षीय किशोर सहित 11 लोग घायल हो गए। इन हमलों में कई घरों, कार और बिजली-पानी की आपूर्ति व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। कोस्त्यंत्यनिवका शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही होर्बुनोव के अनुसार, आंशिक रूप से कब्जे वाले दोनेत्स्क क्षेत्र में, शनिवार सुबह कोस्त्यंत्यनिवका-द्रुझकिवका सड़क पर एक रूसी ड्रोन हमले में एक नागरिक की कार को निशाना बनाया गया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और दूसरी घायल हो गई।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि उसकी सेनाओं ने अज्ञात यूक्रेन की सेना द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले 'सैन्य-औद्योगिक और ऊर्जा केंद्रों' पर 'लंबी दूरी की हवाई और जमीनी हथियारों से' हमला किया।

इसी बीच, रूस ने यूक्रेन से छीने गए लुहांस्क क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रमुख लियोनिद पासेचनिक ने कहा कि यूक्रेन की सेना ने क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे और निजी घरों पर हमला किया, जिसमें पत्नी-पत्नी और उनका आठ साल का बच्चा सहित एक परिवार के तीन सदस्य मारे गए। मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि रूसी सेना ने शुक्रवार रात को नौ रूसी क्षेत्रों, कब्जे वाले क्रीमिया क्षेत्र और काला सागर के ऊपर यूक्रेन के 85 ड्रोन मार गिराये।

यूक्रेन की सीमा से लगे रूस के रोस्तोव क्षेत्र के गवर्नर यूरी स्लीसर ने बताया कि यूक्रेन के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हमले के कारण एक अज्ञात लॉजिस्टिक्स कंपनी के गोदाम में और तट से कुछ किलोमीटर दूर विदेशी झंडा लगे एक मालवाहक जहाज में भी आग लग गई।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# कलपाथरी में प्याऊ का शुभारंभ कर हुआ जल संवाद कार्यक्रम..

जगप्रेरणा लांजी।

*मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम कलपाथरी (लांजी-उमरी मार्ग) में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।*





कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लेते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाई और जल का दुरुपयोग न करने की सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने कुएं, बावड़ी, नदी एवं तालाब जैसे पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सरपंच लिकेश येड़े, विकासखंड समन्वयक संतोष नागपुरे एवं सेवानिवृत्त शिक्षक शिव एडे ने नर्मदा जी के जयकारों के साथ राहगीरों के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु प्याऊ का शुभारंभ किया। शिव एडे ने प्रस्फुटन समिति द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश देती है।

साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा भी प्रेरणा लेते हुए दो स्थानों पर 'जल मंदिर' प्याऊ स्थापित करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में परामर्शदाता अशोक घरते, नारायण एडे, नेहा धनोले, किरण नवखरे, सीता कुशले, श्वेता धारणे, रीतू धारणे, रंजीत कुमार, आकाश कुमार, क्षेत्रीय गायक भास्कर बिसेन, व्यवसायी अनिल राहंगडाले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान के समुद्री हितों को चुनौती देने के हर प्रयास का उचित जवाब दिया जाएगाः नौसेना प्रमुख..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*पाकिस्तान के नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफने शनिवार को कहा कि उनके देश के समुद्री हितों को चुनौती देने के हर प्रयास का उचित जवाब दिया जाएगा। एडमिरल अशरफने यहां पाकिस्तान के बेड़े में मिल्गेम श्रेणी के दूसरे युद्धपोत पीएनएस खैबर को*

शामिल किए जाने के दौरान यह दावा किया कि पिछले साल मई में भारत के साथ संक्षिप्त सैन्य टकराव के दौरान पाकिस्तान की नौसेना भारत के विमानवाहक पोत को डुबोने की स्थिति में थी और इससे भारतीय युद्धपोत एवं उसकी सुरक्षा में लगे पोतों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। पाकिस्तान की नौसेना की ओर से जारी एक बयान में अशरफ के हवाले से कहा गया कि पाकिस्तानी समुद्री हितों को चुनौती देने की हर कोशिश का उचित जवाब दिया जाएगा।

भारत ने पिछले साल सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था जिसके तहत पाकिस्तान एवं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। यह कार्रवाई पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी जिसमें 26 आम नागरिक मारे गए थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए हमलों के बाद भारत एवं पाकिस्तान के बीच चार दिन तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाइयां रोकने को लेकर दोनों पक्षों के बीच बनी आपसी समझ के साथ समाप्त हुईं। अशरफने कहा कि पाकिस्तान अहम समुद्री व्यापार एवं ऊर्जा गलियारों के पास स्थित है इसलिए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने और समुद्री संपर्क मार्गों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए उसके पास मजबूत नौसेना होना जरूरी है।

मिल्गेम श्रेणी का युद्धपोत के लिए तुर्किये की सरकारी रक्षा कंपनी एएसएफएटी इंक के साथ 2018 में करार किया गया था। इस करार के तहत दो पोत का निर्माण तुर्किये में और बाकी दो पोतों का निर्माण पाकिस्तान में किया जाना है। अशरफने युद्धपोत को बेड़े में शामिल किए जाने के दौरान समारोह में कहा कि नौसेना को अत्याधुनिक मंचों और विशेष प्रौद्योगिकियों से लैस किया जा रहा है ताकि वह 'दुश्मन के अहम ढांचे और नौसैनिक परिसंपत्तियों' को निशाना बना सके।

# मोटर साइकिल दुर्घटना में वृद्ध की मौत

## भोजन करने के बाद सड़क पर टहल रहा था बाबूलाल..

जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी नीमटोला मार्ग पर 3 अप्रैल को रात्रि 11:30 बजे एक हृदय विदारक हादसा घटित हो गया जहां लापरवाह मोटर सायकल चालक के द्वारा खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुये एक बुजूर्ग को टक्कर मार दी जहां उपचार के दौरान बुजूर्ग की मौत हो गई।*





घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 72 वर्षीय बाबूलाल अस्तने रात्रि 11:30 बजे भोजन के बाद घर के सामने टहल रहे थे। इसी दौरान मोटर सायकिल चालक रेवेश पिता रमेश ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर ही मोटर चालक रेवेश को पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि उसने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उसे ज्यादा चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह शराब के नशे में भी था। ग्रामीणों ने उसे मौके पर ही रोके रखा और डायल 112 को सूचना देकर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल वृद्ध बाबूलाल को तत्काल सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए गोंदिया रेफर किया गया। इलाज के दौरान 4 अप्रैल सुबह करीब 4 बजे एक अस्पताल में उनकी मौत हो गई, जिससे परिवार में शोक की लहर है। वहीं दूसरी घटना सहेकी गांव की है, जहां एक बारात में नाचते समय युवक महेंद्र उइके अनियंत्रित होकर नाली में गिर गया।

जिससे उसे चोटें आई और उसे सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले में मोटर सायकिल को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लापता युवक का शव तिस्सा नदी से बरामद..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में तिस्सा नदी की तेज धारा में बहकर लापता हुए एक युवक का शव शनिवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ),*



राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए गए संयुक्त खोज एवं बचाव अभियान के बाद बरामद कर लिया गया। एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, चासा गांव के निवासी 25 वर्षीय लाइचाट वांगपन का शव खोंसा से आई एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने ओटोंगखोआ गांव के पास तिस्सा नदी से बरामद किया। इससे पहले,

उसके बड़े भाई वांगथोआ वांगपन का शव दो अप्रैल को खोज अभियान के शुरुआती चरण में नदी से बरामद किया गया था। यह घटना बुधवार को उस समय हुई, जब दोनों भाई तीन अन्य लोगों के साथ चोपनू गांव से घर लौट रहे थे, जहां वे लाइचाट की सात अप्रैल को प्रस्तावित शादी के लिए मांस खरीदने गए थे।

वापसी के दौरान समूह के तीन सदस्य दो मवेशियों के साथ सुरक्षित रूप से नदी पार करने में सफल रहे, लेकिन वांगथोआ कथित तौर पर फिसलकर नदी में गिर गया। उसे बचाने के प्रयास में लाइचाट भी पानी में कूद गया, लेकिन चाजनपोंग के पास तेज धारा में दोनों बह गए। इसके बाद अन्य सदस्यों ने ग्रामीणों और परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियों में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई और खोज अभियान शुरू किया गया।

लगातार प्रयासों के बावजूद शुरुआती चरण में छोटे भाई का पता नहीं चल सका। बाद में चार अप्रैल को एनडीआरएफ भी अभियान में शामिल हुई और एसडीआरएफ तथा स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दूसरे युवक का शव नदी से बरामद किया गया।

# 'मैं भी तेरे बिना रह नहीं सकता'

## Insta पर स्टेटस लगाने के बाद ट्रेन के आगे कूद गया शख्स, सुबह पत्नी ने किया था सुसाइड...

डेस्क जगप्रेरणा।




राजस्थान के झुंझुनूं जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां पत्नी की मौत के कुछ ही समय बाद पति ने भी ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि पत्नी की मौत से आहत होकर पति ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पत्नी की मौत भी उसी दिन सुबह हुई थी।

पत्नी का शव फंदे से लटकता मिला था, जिसे आत्महत्या माना जा रहा है। हालांकि महिला के पिता ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पत्नी का फंदे से लटकता मिला था शव..

जानकारी के अनुसार, नवलगढ़ के दुर्जनपुरा रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चिड़ावा क्षेत्र के पदमपुरा निवासी सचिन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह सचिन की पत्नी भारती का शव घर में पंखे से लटकता हुआ मिला था। मृतक महिला के पिता और भाई ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही भारती को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। इस संबंध में पीहर पक्ष ने सुलताना पुलिस को रिपोर्ट सौंपी है।

### पति ने 60 किमी दूर की खुदकुशी..

वहीं दूसरी तरफ पत्नी की मौत से आहत सचिन घर से करीब 60 किलोमीटर दूर नवलगढ़ क्षेत्र में पहुंचा। यहां उसने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि उसने यह कदम उठाने से पहले इंस्टाग्राम पर स्टेटस भी लगाया था। युवक ने अपने स्टेटस में लिखा, 'मैं भी नहीं रह सकता तेरे बिना, आ रहा हूं मैं।' फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। सचिन का शव नवलगढ़ जिला अस्पताल और भारती का शव चिड़ावा उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

मराठा स्पोर्ट्स
9284744867 9112026507 7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकड़े सालेकसा
मो. 9049200353

# कवर समाज संगठन की सराहनीय पहल, ककोडी में 6 जोड़ों का 'आदर्श सामूहिक विवाह' संपन्न..

## समय और पैसे की बचत आज के समय की मांग – पूर्व सभापति अंबिका बंजार..





**जगप्रेरणा देवरी।**

***समाज में एकता निर्माण करने और संस्कृति को संजोने के लिए संगठित होकर कार्य करना आवश्यक है।***

आज के दौर में विवाह पर होने वाले अनावश्यकखर्च को टालकर समय और पैसे की बचत कैसे की जा सकती है, यह कवर समाज संगठन ने सामूहिक विवाह के माध्यम से सिद्ध कर दिखाया है। समाज की प्रगति और दशा-दिशा बदलना केवल शिक्षा से ही संभव है, ये विचार पूर्व सभापति 'सौ. अंबिका बंजार' ने व्यक्त किए।

स्थानीय दशहरा मैदान, ककोडी में 3 अप्रैल को कवर समाज संगठन के सहयोग से आयोजित 'आदर्श सामूहिक विवाह समारोह' अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर वे मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी विकास निगम के निदेशक 'भगतसिंह दुधनाग' ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सहशराम कोरोटे, जिला परिषद सदस्य सौ. उषाताई शहारे, राधिका धरमगुळे, पंचायत समिति सदस्य अनुसया सलामे, महासभा उपाध्यक्ष जासलराम सांगसुरवार, थानेदार हेगडकर, सरपंच मीनाताई मडावी, पूर्व सरपंच रियाज खान आदि मंच पर उपस्थित थे।

### 6 जोड़ों ने रचाया विवाह..

कवर समाज की ओर से आयोजित इस विवाह समारोह में कुल '6 जोड़ों' ने सामाजिक प्रतिबद्धता को निभाते हुए वैदिक पद्धति से विवाह किया। बेहतर और अनुशासित नियोजन के कारण इस समारोह की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### शिक्षा पर दिया जोर..

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने समाज की कुप्रथाओं को त्यागकर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि केवल संगठित होकर ही समाज को प्रगति की राह पर ले जाया जा सकता है। कवर समाज की यह एकता और आदर्श कार्यशैली अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणादायी है। इस समारोह की सफलता के लिए कवर समाज संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विशेष सहयोग दिया। विवाह में शामिल होने वाले बारातियों और मेहमानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# आमगांव रेलवे स्टेशन की अव्यवस्था उजागर, यात्रियों की परेशानी बढ़ी..

## प्लेटफॉर्म नंबर 1 की लिफ्ट बंद, बुजुर्ग और दिव्यांगों को सबसे ज्यादा दिक्कत..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***'मॉडल स्टेशन' के रूप में विकसित किए जाने का दावा करने वाले आमगांव रेलवे स्टेशन की हकीकत अब सामने आ रही है। स्टेशन पर यात्रियों के लिए बनाई गई***

सुविधाएं पूरी तरह से चरमराई हुई दिखाई दे रही हैं। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लगी लिफ्ट कई दिनों से बंद पड़ी है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग यात्रियों के लिए यह स्थिति बेहद कष्टदायक बन गई है।

रेलवे प्रशासन ने स्टेशन के आधुनिकीकरण के दौरान आधुनिक सुविधाएं और आकर्षक डिजाइन देने का आश्वासन दिया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। प्लेटफॉर्मों के बीच दूरी अधिक होने के कारण यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए लंबा पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। इस दौरान लंबी-लंबी सीढ़ियां चढ़ने-उतरने में यात्रियों की सांस फूल जाती है।

लिफ्ट बंद होने के कारण यात्रियों के पास केवल सीढ़ियों का ही विकल्प बचा है। ट्रेन आने के समय यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है और कई बार लोग अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन पकड़ने को मजबूर होते हैं। कुछ यात्रियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ÷ट्रेन पकड़ने के लिए जान हथेली पर रखनी पड़ती है।÷

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि 'मॉडल स्टेशन' योजना के तहत यात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देने के बजाय केवल बाहरी सौंदर्य पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी बुनियादी सुविधाओं की समय पर मरम्मत और देखभाल न होने से रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और यात्री संगठनों ने कई बार रेलवे प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यात्रियों में रोष बढ़ता जा रहा है और जल्द से जल्द लिफ्ट चालू करने तथा सभी सुविधाएं सुचारू रूप से शुरू करने की मांग जोर पकड़ रही है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यात्रियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा उग्र आंदोलन छेड़ने की चेतावनी भी दी गई है।

### बोले प्रा. सुभाष आकरे :

मॉडल स्टेशन के लिए केंद्र सरकार द्वारा निधि उपलब्ध कराई गई थी और उसी के तहत विकास कार्य प्रस्तावित किए गए। लेकिन तकनीकी उपकरणों की सही योजना के अभाव और ठेकेदार व संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण ये सुविधाएं शुरू ही नहीं हो पाई। रेलवे प्रशासन को यात्रियों की जरूरतों को गंभीरता से लेना चाहिए। लंबी सीढ़ियां पार करते समय यदि किसी यात्री के साथ हादसा होता है, तो क्या रेलवे इसकी जिम्मेदारी लेगा? यह एक बड़ा सवाल है।

# भाऊ आपकी याद में: स्वर्गीय भरतभाऊ बहेकार की 84 वीं जयंती मनाई गई..

## जयंती के मौके पर 55 ब्लड डोनर्स ने ब्लड डोनेट किया..





**जगप्रेरणा सालेकसा।**

महाराष्ट्र के पूर्व वन मंत्री स्वर्गीय भरतभाऊ बहेकार की 84वीं जयंती सालेकसा के बहेकार कॉम्प्लेक्स में मनाई गई। इस प्रोग्राम का नाम भाऊ आपकी याद में रखा गया था। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथी पंचायत समिति अध्यक्ष विनाताई कटरे, उपसभापति जितेंद्र बल्हारे, जिला परिषद सदस्य विमल ताई कटरे, विजय फुंडे नगराध्यक्ष नगर पंचायत सालेकसा, कुंदन बहेकार, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सालेकसा, पुरुषोत्तम (बाबा) कटरे, सांवलरामजी बहेकार, लखनलाल अग्रवाल, शंकर मडावी, यदनलाल बनोठे, राजू दोनोडे, डॉ. राजेंद्र बडोले, कपूरचंद अग्रवाल, विनय शर्मा, लताताई दोनोडे, छन्नुताई शिवणकर सभापती नगर पंचायत, अतुल रेड्डीवार, सचिन बहेकार, कुलतार सिंह भाटिया, राजू जैन, शैलेश बाहेकर, अनिल शेंद्रे,दौलत अग्रवाल, रमेश फुंडे, नीलेश बोहरे, मधु हरिनखेड़े, नरेंद्र नागपुरे, डॉ. बी के जैन, शुभम जैन, मंगेश चुटे, नकेश टेंभरे, योगेश बहेकार, बापू लिल्हारे, अनीता ताई चुटे, ओमप्रकाश ठाकरे, गोपाल बागड़े, मनोहर उइके, महेश असाटी, देवेंद्र राहंगडाले, महागु पोगले, डॉ. बाबूसिंह राठौड़ और बहेकार परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय भरतभाऊ बहेकार को श्रद्धांजलि दी और उनके और स्वर्गीय भरतभाऊ के बीच के संबंधों पर रोशनी डाली, इस मौके पर कई लोगों ने अपने विचार रखे। जयंती के मौके पर ब्लड डोनेशन के कॉन्सेप्ट के साथ ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इसमें 55 लोगों ने ब्लड डोनेट किया।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।।
मो। 9329033433

# जी. के. कॉलेज ने 'महिला सशक्तिकरण और जेंडर सेंसिटिविटी' विषय पर इंटरडिसिप्लिनरी नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया..





**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***स्व. परसराम एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के सेक्रेटरी श्री जी.के. दसारिया, प्रिंसिपल प्रतिमा यादव और गोंदिया एजुकेशनल***

इंस्टीट्यूट के तहत एम.बी. पटेल कॉलेज, सड़क अर्जुनी के प्रिंसिपल डॉ. चेतन कुमार मसराम के मार्गदर्शन में, जी.के. कॉलेज, कावराबांध और एम.बी. पटेल कॉलेज, सड़क अर्जुनी द्वारा तेजस्वीनी लॉन सड़क अर्जुनी में 'महिला सशक्तिकरण और जेंडर सेंसिटिविटी' विषय पर एक दिन का इंटरडिसिप्लिनरी नेशनल कॉन्फ्रेंस सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस कॉन्फ्रेंस को डॉ. वीरेंद्र सांगोले, डॉ. वीरेंद्र पटले और डॉ. मंगला ठाकरे ने आयोजित किया था। कॉन्फ्रेंसके माध्यम से, विभिन्न गणमान्य लोगों ने महिला सशक्तिकरण के महत्व, समाज में जेंडर समानता और संवेदनशीलता की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कॉन्फ्रेंस में कई कॉलेजों के फैकल्टी मेंबर्स और स्टूडेंट्स शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस के दौरान स्टूडेंट्स के लिए एक पोस्टर कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया था। इस कॉम्पिटिशन में, मिस हिना दसारिया ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि मिस सविता फुंडे ने दूसरा स्थान और मिस भावी हरिनखेड़े ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रोग्राम की सफलता में सभी फैकल्टी, स्टाफऔर स्टूडेंट्स ने बहुत योगदान दिया।

# गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## मोटरसायकल खराब करने की बात पर बेटे ने की बाप से मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/4/2026 के सुबह 6 बजे के दरम्यान बेटे ने बाप से कहा मै मोटरसायकल सुधारता हु और तुम रोज खराब करते हो बोलकर लकडी से पिता को मारपीट की आवाज सुनकर गाव के सुकलाल लसवंते व बंसीलाल चौधरी ने आकर बेटे को समझाया उसके बाद भी नही मानने से फर्यादी के दिये बयान पर आरोपी बेटे के खिलाफ पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 174/2026 धारा 118,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी टेकाम पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

## उधारी पैसे की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/4/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान कुडवा मे फर्यादी अनिल चिंदु चौरे उम्र 46 वर्ष निवासी कुडवा रोज आंबेडकर चौक मे अंडे की दुकान लगाता है, घटना के दिन दुकान बंद कर गया तो घरमे फर्यादी के पिता और चचेरे भाई से आरोपी गालीगलौच कर मारपीट कर रहा था। फर्यादी ने कहा क्यों मार रहे हो तो आरोपी ने कहा इसने मेरे से पैसे लिया है और वापस नही कर रहा है, बोलकर फर्यादी से भी मारपीट करने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 184/2026 धारा 115, 2, 296, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा चंद्रिकापुरे 111 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## शराब के नशे मे रहते मकान मे लगाई फांसी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रावणवाडी मे अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/4/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान भादुटोला मे अजित बबलुसिंग मंझुटे उम्र 35 वर्ष निवासी भादुटोला को शराब की आदत थी। घटना के समय शराब के नशे मे घर के मयाल को सफेद गमछा बांधकर फांसी लगाई है। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे रावणवाडी मे अकस्मात मौत क्रमांक 10/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा चौधरी 87 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

## टिप्पर की चपेट मे आने से स्कूटी चालक माँ की मौत बेटी जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/ 4/ 2026 के सुबह 11 बजे के दरम्यान दासगाव मे रामेश्वरी धनलाल नागपुरे उम्र 45 वर्ष अपनी 23 वर्ष बेटी के साथ अपनी टु विलर क्रमांक एम एच 35 ए बी 7537 से रिश्तेदार के यहा जा रही थी। दासगाव चौक मे टिप्पर क्रमांक एम एच 40 बि एफ 8080 के चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर स्कुटी को ठोस मारी, स्कुटी चालक रामेश्वरी को गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पीछे बैठी बेटी गंभीर जख्मी होने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 181/2026 धारा 105,281,125, ए,125, बी, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी देवाजी नैताम पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

# मांडवी में छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

स्वराज प्रतिष्ठान, मांडवी (केऊ पाटील मांडवी) के तत्वावधान में हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक महान युगपुरुष छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा, आदर और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाराज की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें विनम्र अभिवादन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पूजन से हुई। उपस्थित शिवभक्तों ने उनके शौर्य, दूरदृष्टि और न्यायप्रिय शासन व्यवस्था को याद करते हुए उनके महान कार्यों का गुणगान किया। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित स्वराज्य की भावना आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने शिवाजी महाराज के विचारों को संजोने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में गजु ढेंगे, रोहित नागपुरे, अजय सूर्यवंशी, पंकज नागपुरे, विशाल नागपुरे और कमलेश ढेंगे सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शांत और भावपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में सभी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस प्रकार मांडवी में उनकी पुण्यतिथि प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुई।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



डा.बाबासाहेब वाचन कुटी, पंचायत समिति गोरेगांव के अभ्यर्थियों के लिए सभापति सौ.चित्रकला योगेश चौधरी इसके उपस्थिति में मां.पी.टी.पटलेसर, से. नि. अध्यपक इनकी तरफ से अनेक स्पर्धाओं में पढ़ाई के लिए काम आने वाली महत्वपूर्ण किताबें दान दी,सभी अभ्यर्थियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन, धन्यवाद व्यक्त किया।

# वीर बालक तन्मय ने नरभक्षी बाघ से मुकाबला कर बचाई थी अपनी मां की जान

## शौर्य पुरस्कार से सम्मानित करने की अनुशंसा..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***साकोली तहसील के आमगांव बुज में एक नाबालिग बालक ने अपनी जान की परवाह किए बगैर नरभक्षी बाघ से भिड़कर अपनी मां की जान बचाई. इस साहसिक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया, वहीं बालक की बहादुरी की हर ओर सराहना हो रही है।***

छाया सुधाकर मुंगमोडे (43) अपने पुत्र तन्मय के साथ खेत में काम कर रही थीं, तभी अचानक एक नरभक्षी बाघ ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें घसीटने लगा. अचानक हुए इस हमले से तन्मय कुछ क्षण के लिए घबरा गया, लेकिन तत्काल साहस जुटाकर वह बाघ से भिड़ गया. तन्मय ने बिना अपनी जान की चिंता किए बाघ से संघर्ष करते हुए अपनी मां को उसके चंगुल से छुड़ा लिया. इस दौरान छायाबाई गंभीर रुप से घायल हो गई. तन्मय ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें दोपहिया से गांव पहुंचाया और साकोली उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नागपुर के निजी अस्पताल में रेफर किया गया।

फिलहाल उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि साकोली तहसील के बाम्पेवाड़ा, उमरझरी आमगांव बुज क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से नरभक्षी बाघ का आतंक फैला हुआ है. अब तक तीन लोगों पर हमले हो चुके हैं, जिनमें दो की मौत हो चुकी है. इससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। इस घटना के बाद कोहली समाज विकास मंडल ने तन्मय के अदम्य साहस की सराहना करते हुए उसे शौर्य पुरस्कार से सम्मानित करने की अनुशंसा की है. साथ ही घायल महिला के इलाज के लिए तत्काल आर्थिक सहायता देने की भी मांग की गई है।

समाज की ओर से साकोली के उपविभागीय अधिकारी और सहायक वन संरक्षक सुरेश मेंठे को ज्ञापन सौंपा गया. इसमें नरभक्षी बाघ को जल्द से जल्द काबू में करने की मांग की गई है. इस दौरान अमोल मुंगमोडे, किशोर डोंगरवार, मनीष कापगते, रवि परशुरामकर, बालकृष्ण लांजे, नगरसेविका प्रीति डोंगरवार समेत कई लोग उपस्थित थे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## भंडारा गोंदिया जिले में अनेकों को अपना शिकार बना चुकी आदमखोर बाघिन टी-27 का भारी आतंक..

### बाघिन को पकड़ने वन विभाग ने हाईटेक रेस्क्यू ऑपरेशन किये शुरू, संभावित स्थानों पर तैनात किए गए शार्प शूटर..

जगप्रेरणा गोंदिया/भंडारा।

*वन विकास निगम के भंडारा मंडल अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 143 में बाघिन टी-27 के हमलों से इलाके में दहशत का माहौल है। पिछले 15 दिनों के भीतर इस बाघिन ने दो लोगों को अपना शिकार बनाया है, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है। मानव-वन्यजीव संघर्ष की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए वन विभाग ने बाघिन को पकड़ने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान शुरू कर दिया है।*







प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 मार्च 2026 को बाघिन ने वसंत मेश्राम पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद 28 मार्च को श्रीमती माया सोनवाणे बाघिन के हमले का शिकार बनीं, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हमलों का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका; 1 अप्रैल को बाघिन ने श्रीमती छाया मुंगमोडे पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। फिलहाल उनका नागपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### बाघिन को घेरने के लिए वन विभाग का 'मेगा प्लान'

नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व प्रशासन ने बाघिन को जल्द से जल्द पिंजरे में कैद करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर नवेगांव-नागझिरा वन्यजीव बचाव दल, गोंदिया वन विभाग और भंडारा वन विभाग की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। बाघिन को बेहोश करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों के साथ 4 प्रशिक्षित शार्प शूटर तैनात किए गए हैं।

घने जंगल में बाघिन की सटीक लोकेशन का पता लगाने के लिए 4 थर्मल ड्रोन से दिन-रात निगरानी की जा रही है। साथ ही 50 से अधिक कैमरा ट्रैप और 10 लाइव कैमरों के जरिए हर हलचल पर पैनी नजर रखी जा रही है। बाघिन के संभावित रास्तों पर मचान बनाए गए हैं और उसे आकर्षित करने के लिए शिकार (बेट) का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### प्रशासन की अपील..

नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व प्रशासन ने विश्वास जताया है कि बाघिन की गतिविधियों की निरंतर जानकारी मिल रही है और उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। प्रशासन ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले जंगल में जाने से बचें और इस अभियान में वन विभाग का सहयोग करें।

## कुपोषण की दर कम करने के लिए बच्चों के पोषण आहार पर विशेष ध्यान दें - डॉ. दीपक सावंत

### टास्क फोर्स कुपोषण उन्मूलन समीक्षा बैठक..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*जिले में कुपोषण की दर कम करने के लिए बच्चों के पोषण आहार तथा बालिकाओं के रक्त में हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश राज्य टास्क फोर्स कुपोषण उन्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दीपक सावंत ने दिए।*





जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में आज कुपोषण उन्मूलन एवं संक्रामक रोग नियंत्रण संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें वे बोल रहे थे। इस अवसर पर निवासी उप जिलाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे, प्रभारी जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमिला जाखलेकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम पटले, आदिवासी विकास परियोजना अधिकारी उमेश काशिद, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) किर्तीकुमार कटरे, शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुधीर महामुनी, शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) विशाल डोंगरे तथा शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ. विनायक रुखमोडे उपस्थित थे। बैठक में प्रस्तावना एवं प्रस्तुतीकरण जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार द्वारा किया गया।

### बोले डॉ. सावंत..

डॉ. सावंत ने कहा कि जिले की सभी अनुदानित एवं गैर-अनुदानित आश्रमशालाओं में पढ़ने वाली प्रत्येक बालिका के रक्त में हीमोग्लोबिन की जांच हर तीन महीने में अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। ग्राम स्तर पर कार्यरत आशा, आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं की घर-घर जाकर विशेष निगरानी करनी चाहिए। साथ ही आंगनवाड़ी में बच्चों के वजन और ऊंचाई में वृद्धि के लिए पोषण आहार पर विशेष जोर दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास, शिक्षा तथा पंचायत विभाग को जनभागीदारी के साथ मिलकर कार्य करना होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र के एसएएम एवं एमएएम श्रेणी के बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें उपचार के लिए निकटतम पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने के निर्देश दिए गए।

डॉ. सावंत ने आगे कहा कि प्रत्येक बच्चे का कम से कम तीन बार वजन लेकर उसकी श्रेणी निर्धारित की जाए तथा बच्चों को उनकी पसंद के अनुसार पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। माता एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इसके लिए लोगों में प्राथमिक रोकथाम उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए।

### यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. तृप्ती कटरे, सहायक संचालक (कुष्ठरोग) डॉ. महेंद्र धनविजय, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद चव्हाण, जिला महामारी अधिकारी डॉ. निरंजन अग्रवाल, गोंदिया तालुका स्वास्थ्य अधिकारी निलेश जाधव, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. लीना धांडे एवं डॉ. सचिन उइके, वैद्यकीय अधिष्ठाता डॉ. निकिता पोयाम, आईईसी विभाग के प्रशांत खरात सहित स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

## रामनगर भगवा चौक में महाआरती और भव्य महाप्रसाद के साथ संपन्न हुए धार्मिक अनुष्ठान..

### चैत्र नवरात्रि एवं श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का किया गया समापन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*शहर के राम नगर स्थित भगवा चौक में श्री महाकाल गणेश उत्सव मंडल द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्रि और श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन बेहद उत्साहपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में हुआ। शनिवार को आयोजित*







महाप्रसाद में भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा, जिससे पूरा परिसर राममय हो गया। इस पावन अवसर पर आयोजित विशेष आरती में क्षेत्र के सक्रिय पार्षदों ने सहभागिता की। पार्षद सौ. सीमा (बेबी) अग्रवाल, पार्षद लोकेश यादव और पार्षद सौ. सरिता संजू कुलकर्णी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर प्रभु श्री राम और माता रानी की आरती उतारी।

पार्षदों ने इस सफल आयोजन के लिए मंडल के युवाओं की सराहना की और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

### स्वादिष्ट महाप्रसाद का वितरण

आज 4 अप्रैल को आयोजित महाप्रसाद (भंडारा) मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने 'प्रसाद' ग्रहण किया। आयोजन की व्यवस्था इतनी सुदृढ़ थी कि भक्तों की भारी भीड़ के बावजूद बड़े ही अनुशासित ढंग से महाप्रसाद का वितरण संपन्न हुआ। मंडल के कार्यकर्ताओं की सक्रियता से देर रात तक भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा।

### भक्ति और सेवा का संगम

**श्री महाकाल गणेश उत्सव मंडल के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी युवाओं के सहयोग से यह आयोजन भव्य रूप ले सका। भगवा चौक पर लगे आकर्षक बैनर और भगवा ध्वजों ने वातावरण को उत्सवपूर्ण बना दिया था। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल के रोहित और उनके सभी साथियों सहित राम नगर के युवाओं ने कड़ी मेहनत की।**

## गोंदिया में भाजपा कार्यालय में 6 अप्रैल को मनाया जायेगा भाजपा का स्थापना दिवस..

### भाजपा महामंत्री सुनिल केलनका ने की पार्टी कार्यकर्ताओं से भव्य उपस्थिति की अपील

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में एक कार्यकर्ता अधिवेशन में हुई थी, तथा भाजपा में अटल बिहारी वाजपेयी पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। ज्ञात हो कि भारतीय जनसंघ 1951-1977 तक राजनीतिक दल के रुप में कार्यरत थी, तथा इसके बाद जनसंघ का विलय करते हुए 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई थी।

1980 में स्थापित भाजपा को गठित हुए 46 वर्ष हो चुके हैं, तथा पार्टी 6 अप्रैल को अपना 47 वां स्थापना दिवस मनायेगी। बीते 46 वर्षों में आज 2026 तक भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है, तथा सर्वाधिक कार्यकर्ता भाजपा में है, जिससे कि भाजपा संगठन में पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



भाजपा के जिला महामंत्री सुनिल केलनका ने जगप्रेरणा को बताया कि पार्टी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में पार्टी के कार्यकर्ता अपने घरों और प्रतिष्ठानों में भाजपा का झंडा लहराएंगे, तो वहीं 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर पार्टी संगठन के जिला कार्यालय में भाजपा का स्थापना दिवस सुबह 10 बजे से समारोह के रुप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा की जिलाध्यक्ष सौ. सीताताई राहंगडाले, विधायक विनोद अग्रवाल एवं पार्टी के सभी संगठन पदाधिकारी, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा संहित सभी अनुषांगिक संगठनों व जिला परिषद, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तक सभी को जिला कार्यालय में आमंत्रित किया गया है। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का स्मरण करते हुए पार्टी कार्यालय में भाजपा का स्थापना दिवस धुमधाम से मनाया जायेगा। भाजपा जिला महामंत्री सुनिल केलनका ने पार्टी कार्यकर्ताओं से स्थापना दिवस कार्यक्रम में भव्य उपस्थिति की अपील की है।





अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण

उपलब्ध सुविधाऐं..
- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोस की जांच
- हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ

डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ

एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754




SONO VIEW

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE

SONOGRAPHY
- Color Doppler
- Power Doppler Imaging
- B-flow Imaging
- Tissue Harmonic Imaging
- Transrectric & TV Sonography
- Pediatric Sonography
- Orbital Sonography
- Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
- Neonatologist Neurosonogram
- 2 D Echo Cardiography
- Foetal Echo
- Whole Body Ct Scan
- Digital X-ray Digital Radiography System
- M.R.I.

DIGITAL X-RAY
- 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
- 2D Echo
- Colour Doppler
- Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
- M.R.I.

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक

तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

- सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करे।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com